4 रायपुर संभाग
शान्ति सरोवर में शिक्षक दिवस समारोह सम्पन्न

6 फिल्मी
धोखे को रिश्ते के लिए बड़ा खतरा मानती है...

09 विविध
चार पीढ़ियों के 40 सदस्यों ने एक छत के नीचे खाये नवान्न

10 संस्कारधानी
म्यूनिसपल स्कूल में दुकानें सजाने को लेकर आक्रोश...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 09 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-20 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**रामनाथपुरम।** तमिलनाडु में मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़ी राज्य परिवहन निगम (टीएनएसटीसी) बस से टकरा गयी जिससे सवार




एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना तब हुयी जब कार यहां मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर उचिपुली के पास पीरप्पनवलसाई गांव में एक कार टीएनएसटीसी बस से टकरा गयी। पुलिस ने कहा कि घटना में पीड़ित की पहचान सेंथिल मनोहरन (70), उनकी पत्नी अंगला ईश्वरी (60), उनके दामाद राजेश (33) और उनकी बेटी पंडी सेल्वी (28), और उनकी नातिन दर्शिला रानी (8), प्रणविका (4) और एक नवजात शिशु रामनाथपुरम के रूप में हुई है।

### इंदौर के विकास कार्यों की समीक्षा की मोहन यादव ने

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ



मोहन यादव ने इंदौर के विकास कार्यों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डॉ यादव ने यहां ब्रिलियंट कंवेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में विभिन्न विकास कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### अमेरिकी रोजगार और महंगाई आंकड़े पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई ज़बरदस्त मुनाफा वसूली से बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिका में सितंबर में ब्याज दर में होने वाली कटौती के निर्धारक रोजगार और महंगाई के आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह शेयरों के ऊंचे भाव पर हुई मुनाफा वसूली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1181.84 अंक अर्थात 1.43 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर दो सप्ताह के निचले स्तर और 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81183.93 अंक रह गया।

## सीमेंट की बढ़ी कीमतों पर कूदा विपक्ष, डॉ. महंत ने कहा- किसके लिए की जा रही वसूली

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




पायनियर
जनता को लूटने की तैयारी, 50 रूपए प्रति बोरी सीमेंट महंगा
सीमेंट कंपनियों के एकछत्र राज पर बिफरे बृजमोहन

पायनियर लगातार

सीमेंट की कीमतों पर बेहतासा वृद्धि को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों के साथ ही विपक्ष भी कूद पड़ा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता व आठ बार के विधायक और मंत्री रहे रायपुर लोकसभा के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी छत्तीसगढ़ में सीमेंट के एका एक बढ़े दर को लेकर सवाल उठाया है व प्रति बोरी 50 रुपए के दर से कीमत में जो वृद्धि हुई है उसे कम करने को कहा है। डॉ. महंत ने सवाल किया है कि मैं यह जानना चाहता हु 50 रुपये की वसूली आखिर किसके लिए हो रही है, कहीं चार राज्यों में चुनाव के लिए भाजपा सरकार फंड तो इकठ्ठा नहीं कर रही है, साय सरकार को जवाब देना चाहिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ में धान को लेकर जो सवाल उठाया है उस पर विष्णुदेव साय सरकार व उनको चलाने वाले किसी भी मंत्री या अन्य नेताओं का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है, बेहद दुखद बात है। डॉ. महंत ने सवाल किया है कि क्या साय सरकार ने मान लिया है कि भाजपा सरकार में 1 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है? डॉ. महंत ने कहा कि प्रदेश में विपक्ष सकारात्मक भूमिका के साथ जनता के दुख दर्द और समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। अब तो विपक्ष के साथ-साथ दुर्ग के भाजपा के सांसद विजय बघेल ने भी साय सरकार को अपने वादे निभाने का समरण कराया है। डॉ. महंत ने यह भी कहा कि अब तो प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान और रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ में घट रहे अपराध को लेकर जो सवाल किया है उसका भी जवाब साय सरकार को देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के साय सरकार को आखिर चला कौन रहा है? यदि यह सरकार केंद्र के इशारे पर चल रही है तो लोकसभा के सदस्यों के सवालों का जवाब आखिर भाजपा क्यों नहीं दे रही है। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के बजाय जनप्रतिनिधियों को झूठे मामले में फंसाने सरकार तानाबाना बुन रही है।नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा, दुर्ग-भिलाई में बीती रात तीन युवकों की हत्या का मामला दुःखद है, प्रदेश में कानून की स्थिति बहुत खराब है, बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिन छत्तीसगढ़ में रहकर गये हैं, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के खदानों को निजी हाथों में सौंपने के लिए आए थे या नक्सली उन्मूलन पर क्या कुछ उनकी भूमिका रही है उसे भी प्रदेश के जनता के सामने रखना चाहिए। डॉ. महंत ने कोरबा जिला व उससे लगे जिले में हाथी अभ्यारण्य बनाने की वकालत करते हुए कहा कि इस मुद्दे को बिना किसी राजनैतिक चश्मे से देखने के बजाय केंद्र व प्रदेश सरकार को इसमे ठोस पहल किया जाना चाहिये जिससे क्षेत्र में हो रहे हाथी व मानव द्वंद को रोककर बड़ी जन व धन हानि को रोकने कारगर कदम उठाया जाए, छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर सात महीनों में सरकार ने कोई ठोस कार्य नहीं किया है जबकि इस सरकार को विपक्ष ने 6 महीने का पूरा समय दिया। अब तो प्रदेश हित में सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लडने कांग्रेस तैयार है।

## बिजली गिरने से सात लोगों की मौत, तीन घायल

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार में रविवार को बिजली गिरने से सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं तीन अन्य के झुलसने की जानकारी है। घटना तब हुई जब बारिश के दौरान सभी लोग भीगने से बचने के लिए तालाब किनारे एक पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान अचानक उनके उपर आसमानी आफत कहर बनकर गिरी। हादसे में तीन अन्य लोग घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, अपराह्न 3.30 बजे थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहतरा (लटुवा) में आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मृत्यु हो गई। सभी लोग बारिश से बचने के लिए नया तालाब किनारे पेड़ के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरने से घटना स्थल पर सात लोगों की मृत्यु हो गई। साथ ही तीन अन्य लोग घायल हैं, जिन्हें उचित उपचार हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया है। सभी मृतकों के शव भी जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया है। मृतकों के नाम मुकेश (20) पिता राजन, टंकार (30) पिता हेमलाल साहू, संतोष (40) पिता महेश साहू, थानेश्वर (18) पिता दाउ साहू, पोखराज (38) पिता दुखू विश्वकरमा, देव (22) पिता गोपाल दास, विजय (23) पिता तिलक साहू हैं। घायलों के नाम विशंभर पिता थनवार ,बिट्टू साहू और चेतन साहू हैं।

## पीओके निवासी जल्द ही हमारे साथ जुड़ेंगे : राजनाथ

वार्ता ◀ रामबन
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों को 'विदेशी' मानती है, लेकिन भारत सरकार का मानना है कि वे भारतीय नागरिक हैं और वह समय दूर नहीं, जब वे भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे। सिंह ने यहां एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल ही में एक अदालत में प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पीओके निवासियों को 'विदेशी' बताया गया था। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत सरकार का मानना है कि पीओके के लोग भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि वह समय दूर नहीं जब पीओके के लोग खुद आगे आएंगे और भारत का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा, अगर हम सत्ता में आए तो हम अगले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर को एक आदर्श राज्य बना देंगे। उन्होंने लोगों से 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक चुनाव होगा क्योंकि पूरा भारत उत्सुकता से इसे देखेगा। सिंह ने कहा, मैं हाल ही में अमेरिका में था और वहां भारतीय लोगों ने मुझसे पूछा कि जम्मू-कश्मीर में चुनावों का क्या होगा, मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार होगी। न केवल भारतीय लोग, बल्कि दुनिया भर के लोग जम्मू-कश्मीर के चुनावों को देख रहे हैं।

## हिंदू वोटरों को डराने की कोशिश कर रही भाजपाः फारूक

एजेंसी ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा जम्मू क्षेत्र में अपने विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान हिंदू मतदाताओं को डराने-धमकाने का प्रयास कर रही है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में मीडियाकर्मियों से बातचीत में फारूक ने कहा, भाजपा केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मान लिया था कि हिंदू उनके पक्ष में मतदान करेंगे। लेकिन हिंदू अब पहले जैसे नहीं हैं. भाजपा ने पहले राम मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश की और अब वे हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही हैं। फारूक ने कहा कि 'भाजपा एनसी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में विजयी होंगे और लोगों की जिंदगी बदल देंगे।' जब फारूक से गृह मंत्री अमित शाह की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन अस्थायी है तो फारूक ने जवाब दिया, अमित शाह बहुत ज्यादा बोल रहे हैं, और मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जिस भारत को वे पेश करने की कोशिश कर रहे हैं.

## 2030 युवा ओलंपिक के लिए भारत लगायेगा बोली : मंडाविया

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है। 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया ( ओसीए ) की आमसभा में डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने लगाने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है। भारत ने हमेशा ओलंपिक मोमेंट और इससे जुड़ी खेल भावना सम्मान किया है। हमें नई दिल्ली में इस महासभा की मेजबानी करने पर बहुत गर्व है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भारतीय जतना पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2036 के ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा और दृष्टिकोण दिखाया है। मेरा मानना है कि ओसीए इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। उल्लेखनीय है कि 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दावेदार हैं।

## चुनाव देखकर धड़ा धड़ खोखली घोषणाएं कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : शिवराज सिंह चौहान

वार्ता ◀ रांची
www.dailypioneer.com



भाजपा के झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। सिंह भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव अब नजदीक है और जिस गठबंधन की सरकार ने 5 साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव आते ही वह धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं करते चले जा रहे हैं।कहा कि सैकड़ों वादे जो पूरे नहीं किए गए। 5 साल कोई नौकरी नहीं दी, पेपर लीक जैसी लगातार घटनाएं होती रही। लेकिन अब चुनाव आ गए हैं इसीलिए धड़ाधड़ घोषणाएं हो रही हैं। भर्तियां, सिपाही की भर्ती, लेकिन ये भी नहीं देखा कि किस मौसम में भर्ती कर रहे हैं। उन्हें पता था कि भर्तियां पूरी नहीं हो पाएगी ये भर्ती कोई नौजवानों को रोजगार देने के लिए, ये भर्ती नहीं है वोट के लिए भर्ती का नाटक फिजिकल टेस्ट भी पूरा नहीं हो पाएगा और इसलिए ऐसे मौसम में जो जानलेवा साबित हुआ 10-10 किलोमीटर दौडा रहे हैं। चौहान ने कहा कि अव्यवस्थाओं का आलम ये था. ना पीने का पानी, न छांव का इंतजाम, बीमार हो तो ना इलाज की व्यवस्था और इसी में 16 नौजवानों की जिंदगियां चली गई, तड़प-तड़प कर हमारे नौजवान साथी नौकरी नहीं ले पाए दुनिया छोड़ गए। कहा ये यह हादसा नहीं है, यह हत्या है। ये ऐसा अपराध है जिसके लिए जनता माफनहीं कर सकती।कहा कि मुख्यमंत्री के और गठबंधन के दावा नहीं चलने वाले। लोग भयानक भ्रष्टाचार भूले नहीं है, आज भी भ्रष्टाचार झारखंड को तबाह और बर्बाद कर रहा है। कहा जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है लेकिन भारतीय जनता पार्टी भी उनके झूठे और खोखले वादे जो इन्होंने किए थे।

## लखनऊ में इमारत हादसे में मरने वालों की संख्या हुई आठ, 30 घायल

पायनियर संवाददाता ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में शनिवार शाम तीन मंजिला इमारत के मलबे में मिले तीन और शवों के मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ कर आठ हो गयी है। हादसे में घायल 30 लोगों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। हादसे की जांच के लिये रविवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर जांच कमेटी का गठन होने की संभावना है जिसके बाद तीन मंजिला इमारत के ढहने की वजह सामने आयेगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। मंडलायुक्त रोशन जैकब के अनुसार मलबे में फसे लोगों को निकालना प्रशासन की प्राथमिकता है। राहत एवं बचाव कार्य पूरा होने के बाद विशेषज्ञों की जांच कमेटी का गठन किया जायेगा। पुलिस आयुक्त अमित वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में हुये हादसे में अब तक आठ लोगों की मृत्यु हुयी है जबकि 30 घायल हुये हैं जिनका उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है। इनमें से अधिकतर की हालत खतरे से बाहर है। मलबे में फंसे लोगों की तलाश फिलहाल जारी है मगर अब मलबे में किसी के फंसे होने की संभावना न के बराबर है। उन्होने कहा कि हादसे के कारणों की जांच के लिये विशेषज्ञों की कमेटी गठित की जायेगी और वह ही जांच के बाद हादसे की वजह की सटीक जानकारी दे सकेगी। वर्मा ने बताया कि घायलों का इलाज विशेषज्ञ डाक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है और पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी अस्पतालों में मौजूद हैं और पल पल की जानकारी शासन को उपलब्ध करा रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में राज किशोर (27), रूद्व यादव (24), जगरूप सिंह (35), जसमीत सिंह साहनी (41), धीरज (48),पंकज तिवारी (40),अरुण सोनकर (28) और राजेश कुमार शामिल हैं। राहत एवं बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा पुलिस,पीएसी के जवान जुटे हुये हैं। पूरी रात राहत एवं बचाव का काम जारी रहा। मलबे में फंसे लोगों की जानकारी के लिये सेंसर और ड्रोन की भी मदद ली गयी। गौरतलब है कि शनिवार शाम लगभग पौने पांच बजे ट्रांसपोर्टनगर में एक तीन मंजिला इमारत भरभरा कर ढह गयी थी। इमारत में एक मोटर कंपनी के अलावा एक दवा कंपनी का गोदाम था। हादसे के समय इमारत में कई लोग काम कर रहे थे।

## तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की

# मुख्यमंत्री साय ने 2.51 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन तराईमाल धाम स्थित बंजारी माई की पूजा अर्चना एवं दर्शन लाभ लेकर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने परिसर में ही स्थापित पुजारी ब्रह्मलीन रामगोपाल महाराज, ब्रह्मलीन अंकुर मालाकार, पुजारिन सोनागिरी माताजी के प्रतिमा का भी अनावरण किया। साथ ही उन्होंने बंजारी माई धाम तराईमाल में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया, जिसमें 8 कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 51 लाख रूपये के कार्य शामिल है। इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। इस मौके पर जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आभार जताते हुए कहा कि मैं जब सांसद के रूप में चुना गया तब से मां बंजारी के पूजा-अर्चना के साथ दर्शन लाभ मिल रहा है। मां बंजारी के आशीर्वाद से ही मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचा हूं। उनके आशीर्वाद से प्रदेश के जनता को सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करता हूं। अंकुर गौटिया के भागीरथ प्रयास से इस धाम का विकास हुआ है। वह मोपेड चलाते हुए बगिया तक भी पहुंच जाते थे कभी कोई बात करनी होती थी ऐसे जुझारू कार्य के बदौलत यह धाम अपने स्वरूप में है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश का गठन हुआ जिसे संवारने का काम हमारी सरकार कर रही है। महतारी वंदन, राम लला दर्शन योजना के माध्यम से हर महीने 8 हजार से अधिक दर्शन लोगों को आयोध्या, काशी ले जा रहे है। दो दिन पहले ही 8 लाख से अधिक गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति प्रदान की है। हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यरत है। कृषि एवं प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि मां बंजारी के आशीर्वाद से ही दोनों बेटे आज प्रदेश के मुखिया और वित्त मंत्री बने है। दोनों के पास ही विकास की चाबी है। जिससे रायगढ़ सहित प्रदेश को विकास की एक नई धारा में ले जा रहे है। मां बंजारी धाम के विकास के लिए जो आप सब लोगों ने मिलकर जो कार्य किए है वह काबिले तारीफ है। सरकार अपना काम करती ही है पर स्थानीय जनता, गरीबों को और अधिक सुविधा मुहैया के उद्देश्य से निजी संस्था भी सामुदायिक सहभागिता के नाते अपना सहयोग प्रदान करते है जो कि सराहनीय है। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि बंजारी धाम में जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। यह रायगढ़ तथा आस पास के लोगों के बीच आस्था का बड़ा केंद्र है।

### मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणाएं, तमनार को मिलेगा नगर पंचायत का दर्जा

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ी घोषणा करते हुए तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही छर्राटांगर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा, पूंजीपथरा थाना में 5 स्टाफ क्वार्टर निर्माण की घोषणा, घरघोड़ा कॉलेज में एम.ए. की कक्षाएं प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने छर्राटांगर से पाकादरहा के बीच कुक्कुट नदी में पुलिया निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर कलेक्टर को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बंजारी धाम स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने बांछा निधि भोय व आई.पी.शर्मा को सम्मानित किया।

## ममता बनर्जी पर आरोपों का सिलसिला जारी, टीएमसी सांसद ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ◀ दार्जिलिंग
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोपों का सिलसिला जारी है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया है और ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जवाहर सरकार ने बताया है कि टीएमसी नेतृत्व ने आरजी कर रेप और हत्या मामले को कवर करने की कोशिश की, दोषियों को पदोन्नति दी और संरक्षण दिया। उन्होंने यह भी कहा है कि टीएमसी में भ्रष्टाचार की गहराई है और नेतृत्व जमीनी हकीकत से कटा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से सांसद राजू बिस्टा ने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पुलिस और प्रशासन की मदद से झूठ, छल और अत्याचार किया है। उन्होंने ममता बनर्जी से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है, कहा है कि उन्होंने नैतिक अधिकार खो दिया है और पश्चिम बंगाल को बेहतर नेतृत्व की जरूरत है। इस मामले में टीएमसी की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## सीबीआई ने रिश्वत के आरोप में सीजीएसटी के अधिकारी को किया गिरफ्तार




**मुबंई।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केन्द्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग के एक अधिकारी और दो अन्य लोगों को एक व्यापारी से 60 लाख रुपये की रिश्वत की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई पश्चिम आयुक्तालय के सीजीएसटी (एंटी-इवेजन) अधीक्षक सचिन गोकुलका और दो अन्य को कथित तौर पर 20 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा गया। यह राशि रिश्वत के रूप में मांगे गए 60 लाख रुपये का एक हिस्सा थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि पहले हवाला लेनदेन के जरिए 30 लाख रुपये की रिश्वत दी गई थी। उन्होंने बताया कि सीजीएसटी अधिकारियों ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता व्यवसायी को सांताक्रूज कार्यालय में करीब 18 घंटे तक अवैध रुप से बंधक बनाकर रखा और रिश्वत की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया।

# पायनियर हलचल...

## विष्णु का राजनीतिक चक्र



राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इन दिनों निखरे-निखरे से दिख रहे हैं। बीते माह की अपेक्षा साय में अब स्पष्ट तौर पर राजनीतिक निखार दिखने लगा है। अभी तक नक्सल गतिविधियों के सफाया का पूरा श्रेय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ले रहे थे, जिस पर विराम लगते दिख रहा है। नक्सल मामलों में भी विष्णुदेव साय अपना राजनीतिक चक्र छोड़ना शुरु कर दिये हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में नक्सल गतिविधियों के लिए चर्चित रहा है। दिल्ली समेत विदेशों में भी नक्सलवाद की गूंज देखने को मिलती रही। लेकिन अब केन्द्र और राज्य सरकार नक्सल गतिविधियों के सफाया की ओर अग्रसर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के रहते हुए पूरा का पूरा श्रेय उपमुख्यमंत्री को मिलना राजनीतिक लिहाज से उचित नहीं है। शायद यह बात विष्णुदेव को समझ आ गई है, सम्भवतः इसीलिए अब नक्सल मामलों में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव के बयान देखे और सुने जा सकते हैं।

## आखिर ठग ही लिए गए साय



चौथेपन में ठग लिए गए साय, जी हां हलचल कॉलम में कांग्रेस की सदस्यता लेते वक्त ही लिखा गया गया था कि नन्दकुमार साय ठग लिए गए हैं। हालांकि इस ठगी के लिए साय खुद ही जिम्मेदार हैं। दरअसल में साय के ठगी का अनुमान इसलिए था कि उन्होंने जिस कांग्रेसी नेता के झांसे में आकर कांग्रेस की सदस्यता ली, उनकी कोई राजनीतिक विश्वसनीयता है ही नहीं। इतिहास को देखेंगे तो वह कभी किसी के नहीं रहे, सदैव व्यापार और कारोबार को तवज्जो दिया, तो भला साय के कैसे होंगे? खैर भाजपा में रहते हुए राष्ट्रीय स्तर के नेता नन्दकुमार साय को कांग्रेस ने सदस्यता के बाद पार्षद स्तर का पद दे दिया। हालांकि साय का कांग्रेस प्रवेश भी पार्षद स्तर के नेता के सानिध्य में हुआ, इसलिए उनके ठगे जाने में कोई आश्चर्य भी नहीं। लेकिन साय ने यह निर्णय तब लिया जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने को कुछ माह ही शेष थे। नन्दकुमार साय यदि विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा के साथ होते, तो इसमें कोई शक नहीं कि वह आज राज्य के शीर्ष पद विराजमान होते। खैर नन्दकुमार साय के ऐसे दिन आयेंगे कि उन्हें चुपके से आनलाइन सदस्यता लेनी पड़ेगी, यह किसी ने नहीं सोचा रहा होगा। निश्चित ही चौथेपन में साय ठग लिए गए हैं।

## जूते मारो आन्दोलन की एन्ट्री




आपने बहुत सारे आन्दोलनों का नाम सुना होगा, देखा भी होगा, लेकिन **जूते मारो आन्दोलन** का नाम शायद ही सुना होगा, शायद ही देखा होगा? तो सुन लीजिए और देख लीजिए अब राजनीति में जूते मारो आन्दोलन की भी एन्ट्री हो चुकी है। सिंधुदुर्ग के मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा गिर गई। जिसके विरोध में मुंबई में जूते मारो आन्दोलन किया गया। सोसल मीडिया की तस्वीरें और वीडियो को देखें तो बकायदा इस आन्दोलन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और देवेन्द्र फणनवीस के पोस्टरों को जूते-चप्पलों से मारा जा रहा है। जूते से पीटाई करने वाले कोई साधारण राजनेता नहीं, बल्कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उधव ठाकरे हैं। राजनीति में इस तरह की बढ़ती कड़वाहट आगे जाकर कहां रुकेगी फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। बहरहाल राजनीति में जूते मारो आन्दोलन की एन्ट्री हो चुकी है। आन्दोलन की एन्ट्री होने के बाद अब किसी भी राज्य में जूते मारो आन्दोलन का दृश्य दिखाई दे तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

## बृजमोहन की बगावत



सीमेंट के बढ़े दामों को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। बृजमोहन ने मोर्चा खोलते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। बृजमोहन अग्रवाल ने एकाएक सीमेंट में 50 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि को वापस लेने के लिए चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। राजनीतिक मायनों में इसे बगावत भी समझा जा सकता है। हालांकि बृजमोहन अग्रवाल की राजनीति राज्य की मौजूदा भाजपा सरकारों (रमन 1, 2, 3) के विपरीत ही देखी गई है, तो भला सुशासन वाली इस विष्णु सरकार में बृजमोहन कैसे खामोश रहेंगे। बृजमोहन ने सीमेंट कंपनियों का बहाना लेकर राज्य सरकार से सीधा भिड़ने का साहस दिखाया है। हालांकि बृजमोहन अग्रवाल का यह राजनीतिक कदम छत्तीसगढ़ की आम जनता के लिए हितकर है। सवाल यह उठता है कि इस फैसले पर मुख्यमंत्री से लेकर सभी नेता खामोश क्यों हैं? सीमेंट कंपनियां सीधा 50 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि कर दी, लेकिन चारों ओर खामोशी है? बहरहाल सोये हुए विपक्ष की कमी को बृजमोहन ने महसूस नहीं होने दिया। रेत की बढ़ी कीमतों के बाद अब सीमेंट की यह मार जनता को बड़ी चोट पहुंचाने वाली हैं।

## सिकेट्री स्तर के अफसरों के विभाग बदले जाएंगे

जल्द ही सिकेट्री स्तर के कई अफसरों के विभाग बदले जा सकते हैं। दरअसल में आईएएस रजत कुमार, अमित कटारिया की छत्तीसगढ़ वापसी हो चुकी है। ऐसे में अफसरों के विभाग बदले जाने तय है। हालाकि अमित कटारिया अभी आवकाश में चले गये हैं। वहीं कई सीनियर अफसरों को साय सरकार में अच्छे मंत्रालय की जिम्मेदारी ना सौंपकर छोटे-छोटे विभाग सौंपे गये हैं। जबकि रमन सरकार में यह अफसर बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। इसके साथ ही अनुभव की कमी होने के करण सचिवालयों में फाइलों का मूवमेंट एकदम धीमा है। जिसकी वजह से सरकारी काम काज भी एकदम ठंड़ा पड़ा हुआ है।

## मंत्रियों का अहम

कहते हैं कि विष्णु सरकार में मंत्री आठ माह में ही जनता और जन प्रतिनिधियों से दूरी बना लिये हैं। एक मंत्री तो नेता और पत्रकार किसी से बात नहीं करते। कहा जा रहा है कि राजधानी के नजदीक वाले एक लोकसभा सांसद ने तो अब मंत्री जी को फोन करना ही बंद कर दिया। दरअसल में सांसद जी ने कई बार मंत्री जी को फोन किया, लेकिन मंत्री जी ने ना ही उनका फोन उठाया और ना ही बाद में बात करना उचित समझा। बहरहाल 8 माह में ही राज्य के मंत्री जनता और जनप्रतिनिधियों से ऐसी दूरी बनायेंगे यह किसी ने सोचा नहीं होगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधिपतियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस का आयोजन

## जिला न्यायापालिका को सशक्त बनाने तथा सिविल व आपराधिक विधि पर किया गया मंथन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में जिला न्यायपालिका के सशक्तीकरण व सिविल व आपराधिक विधि पर राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस एतिहासिक कान्फ्रेंस के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा रहे। इस कान्फ्रेंस में उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायमूर्तिगणों द्वारा एक साथ भागीदारी किया जाना कान्फ्रेंस की गंभीरता व महत्व तथा भारत की न्यायपालिका के आधारशिला जिला न्यायपालिका की न्यायदान में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस का उदघाटन भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त द्वारा अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि पक्षकारों के सम्पर्क में सर्वप्रथम जिला न्यायपालिका आती है, ऐसी दशा में जिला न्यायपालिका की जिम्मेदारी व भूमिका महत्वपूर्ण है और यदि न्यायाधीश निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है तो कोई प्रक्रियात्मक व तकनीकी अड़चन न्यायाधीश को एक तार्किक निर्णय लेने में बाधा नहीं बन सकती है। न्यायाधिपति ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायदान में आने वाली तकनीकी व प्रक्रियात्मक बाधाओं के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण




अपनाने के बजाय ऐसी बाधाओं के प्रभावी निवारण के लिए संस्थागत दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। न्यायाधिपति ने तुच्छ व तुक्के वाली मुकदमेबाजी की बढ़ती प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने के संबंध में जोर दिया कि न्यायपालिका में झूठ व बेबुनियाद मामलों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए एक मजबूत व साहसी जिला न्यायपालिका तुच्छ व तुक्के वाली मुकदमेबाजी को निपटने में सक्षम हो सकती है। न्यायाधिपति ने जिला न्यायपालिका के सदस्यों को साहस व ईमानदारी के साथ निर्णय लेने का आह्वान किया। माननीय न्यायाधिपति ने न्यायाधीश के गुणों के संबंध में बताया कि एक न्यायाधीश को बहादुर, साहसी व अपने अंतरात्मा के प्रति ईमानदार होना चाहिए। न्यायाधिपति ने जिला न्यायपालिका के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला न्यायपालिका की अधीक्षण की शक्ति उच्च न्यायालय को प्राप्त है अतः जिला न्यायपालिका माननीय उच्च न्यायालय के प्रति अपनी अन्तरात्मा के प्रति और सबसे महत्वपर्ण न्याय के आकांक्षी के रूप में आम जनता के प्रति जवाबदेह है। न्यायाधिपति ने आम जनता के प्रति जिला न्यायपालिका की जिम्मेदारी के संबंध में व्यवत्त किया कि एक पक्षकार किसी न्यायाधीश को नहीं जानता है और वह इस आस्था व विश्वास के साथ आता है कि उसके साथ न्याय होगा अत हमारा दायित्व है कि हम उनकी आस्था और विश्वास को बनाए रखें।

# गौ आधारित कृषि के प्रणेता हैं भगवान बलराम : अरविन्द कुमार मिश्रा

■ बलराम ने दिया गौ आधारित कृषि का संदेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भगवान बलराम की जयंती किसान दिवस के रूप में देशभर में मनाई जा रही है। भगवान बलराम के जीवन चरित्र पर ग्रंथों में विस्तृत वर्णन है। गर्ग संहिता के अनुसार देवक्याः सप्तमें गर्भे हर्षशोक विवर्धने। ब्रजं प्रणीत रोहिण्यामनन्ते योगमाया।। अहोगर्भः क्व विगत इत्यूचुर्माथुरा जनाः। कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म भाद्रमास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को ब्रज (गोकुल) में वसुदेव की प्रथम पत्नी रोहिणी के गर्भ से हुआ। जब पूरी दुनिया में पर्यावरण अनुकूल कृषि के समाधान खोजे जा रहे हैं तब भगवान बलराम का जीवन दर्शन कृषि व उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए मार्गदर्शक हैं। भगवान बलराम हलधर, गोकुलेश, गोपति, गेपवृंदेश आदि नाम से संबोधित किए जाते हैं। सनातन संस्कृति से जुड़े बहुत से देवी-देवता जहां संहार करने वाले अस्त्र धारण करते हैं वहीं कृषकों के देवता बलराम हल और मूसल धारण करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि सर्वप्रथम भगवान बलराम ने ही ब्रजवासियों को हल के द्वारा कृषि पद्धति से परिचित कराया। इस तरह वह कृषि में नवाचार के प्रवर्तक थे। उन्होंने भाई कृष्ण के साथ कंस के विरोध में आंदोलन चलाया, जिसमें एक ओर वह कंस के लिए भेजे जाने वाले दही, छाछ और दूध की मटकियों को फोड़ देते थे, वहीं गांव वालों को मूसल के जरिए मसाले व अन्य खाद्य पदार्थ बनाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। ऐसे में यह माना जा सकता है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्राथमिक संकल्पना उन्होंने प्रदान की। बलराम जल के समुचित एवं नियोजित उपयोग के पक्षधर थे। खेतों तक नहरों के जरिए जल उपलब्धता के विचार का उन्हें संवाहक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि उनके आग्रह पर ही पवित्र यमुना नदी की जलधारा असिंचित क्षेत्रों तक पहुंची थी। इसके बाद नहर व्यवस्था की संकल्पना का प्रादुर्भाव हुआ है।

बलराम का जीवन स्वदेशी पद्धति से जैविक कृषि एवं मुख्य रूप से गौ आधारित अर्थव्यस्था के लिए प्रेरणास्पद है। देश में 65 प्रतिशत जनसंख्या गांव में निवास करती है, इनमें 47 प्रतिशत आबादी कृषि व उससे जुड़ी गतिविधियों से आजीविका प्राप्त करती है। कुछ दशक पूर्व तक हमारे गांव की आत्मनिर्भरता का आधार गौ आधारित अर्थव्यवस्था थी। गाय व अन्य पशुधन दुग्ध व अन्य खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के साथ रासायनिक खाद का विकल्प मुहैया कराते थे। आज भले ही यूरोप सस्टेनिबिलिटी के मानक विकसित कर रहा है लेकिन भारत हजारों सालों से समावेशी विकास का केंद्र रहा है। ऐसे में यदि हम गौ संवर्धन की ओर पुनः लौटते हैं तो अंततः परिशुद्ध व जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। यह किसानों को आमदनी के नये विकल्प देता है। हमने गौ आधारित कृषि की अनदेखी की, इसका परिणाम रासायनिक खाद के बेतहाशा इस्तेमाल तथा मिट्टी की कम होती ऊर्वरा शक्ति के रूप में सामने आ रहा है। इसके समाधान के नाम पर वैश्विक बाजार की शक्तियां बीज से लेकर ऊर्वरक क्षेत्र में भारत में अपना मुनाफा देख रही हैं। गौ वंश कृषि कार्य के साथ ही दुग्ध उत्पादन से लेकर जैविक खाद के प्रमुख माध्यम हैं। गव्य पदार्थों की उपलब्धता प्रत्यक्ष रूप से सुपोषण स्तर को बेहतर बनाती है। देश का अन्नदाता भारत मां की खुशहाली का वाहक है। ऐसे में उसे सुदृढ़ करने की आवश्यकता है न कि उसे राजनीति का शिकार बनाया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसानों के भगवान बलराम राजनीतिक स्वार्थों से हमेशा अस्पृश्य रहे। महाभारत के युद्ध में बलराम ने कौरव पांडव में किसी पक्ष का साथ न देते हुए स्वयं को युद्ध और राजनीति से दूर रख तीर्थ यात्रा पर निकल गए। उनका यह चरित्र किसानों के गैरराजनीतिक होने की प्रेरणा देता है। भारत जिस प्रकार दुनिया भर में पर्यावरण अनुकूल विकास का नेतृत्वकर्ता बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे में भगवान बलराम का जीवन दर्शन संपूर्ण मानवता के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



**मुख्यमंत्री साय ने माँ के सम्मान में रोपा पीपल का पौधा**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस थाना परिसर, पूंजीपथरा में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री साय ने माँ के सम्मान में लगाया पीपल का पौधा रोपा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व का सम्मान करना है। पूंजीपथरा थाना परिसर में मातृ छाया उपवन वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि एवं प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने पीपल, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने पीपल, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने चंदन, सांसद राधे श्याम राठिया ने चंदन का पौधा लगाया। मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा, संभाग आयुक्त बिलासपुर महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो, स्कूली बच्चों ने मातृ छाया उपवन हेतु 800 से अधिक पौधे रोपे। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत प्रदेशभर में वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमें हर नागरिक को एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

09 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# स्वाइन-फ्लू और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव, उपचार और रोकथाम तथा स्वाइन-फ्लू संक्रमण के प्रति ऐहतियात बरतने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दुर्ग की कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, डेन्गू, मलेरिया, स्वाइन-फ्लू आदि के मामलों में वृद्धि को देखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देशित किया है। दुर्ग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने लोगों से स्वाइन-फ्लू के प्रति सजग और सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि स्वाइन-फ्लू श्वसन-तंत्र संक्रमण है जो मनुष्यों में इनफ्लुएंजा-ए वायरस के कारण होता है। सामान्यतः इसकी अवधि एक से दो दिनों की होती है। संक्रमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के तीन से पांच दिनों तक अन्य व्यक्ति को हो सकता है। इसका प्रसार सामान्यतः संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से होता है। इसका सामान्य लक्षण सर्दी, खांसी, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द, थकावट और कभी-कभी दस्त एवं उल्टी भी होता है।

स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CITY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।

# नमक को खाद के बोरी में पैक कर बेचने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



पुलिस की बड़ी कार्यवाही नमक को खाद बनाकर बेचने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे। 2 जुलाई को कृषि विभाग द्वारा पखांजूर में ट्रक क्रमांक RG 11 GB 9189 से बरामद खाद का परीक्षण पश्चात खाद नकली होना पाये जाने पर थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 147/2024 धारा 318(4), 3(5), 336 (3), 338, 340(2) बीएनएस, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 दिनाँक 22 जुलाई को पंजीबद्ध किया गया था जिसमें दो आरोपियों अनिमेश घरामी निवासी पीव्ही 23 लखनपुर तथा ट्रांसपोर्टर उस्मान खान निवासी राजस्थान की गिरफ्तारी की गई थी। थाना पखांजूर की टीम प्रकरण की विवेचना हेतु राजस्थान भेजी गई थी। विवेचना में यह तथ्य प्राप्त हुए थे कि बरामद अमानक खाद नावा सिटी राजस्थान से परिवहन कर छत्तीसगढ़ लाया गया था। विवेचना के दौरान नमक को रंगकर उसे खाद की बोरी में भरकर खाद के रूप में विक्रय करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ हुआ। इस गिरोह में श्री जैन केम फूड नावा सिटी के मालिक विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन और उपकार जैन निवासी नावा सिटी जिला डीडवाना राजस्थान अधिक मुनाफे के लिए अपनी फैक्ट्री में नमक को रंगीन बनाकर नकली पोटाश खाद के रूप में तैयार किया जाता था। शिवकृष्ण गुर्जर निवासी और ओमप्रकाश भदाना निवासी जयपुर राजस्थान, श्री जैन केम फूड फैक्ट्री में इंडियन पोटास लिमिटेड हाईटैक बायोटैकनोलाजी लिखा हुआ (प्रिंटेड) बारदाना (बोरा) पहुँचाते थे जिसमें इस नकली पोटाश खाद की पैकेजिंग की जाती थी। शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना इस नकली खाद की मार्केटिंग करते थे और अपनी पार्टनरशिप फर्म ओपीएस किसान एग्रोकेयर प्रा.लि. के बिल के द्वारा विक्रय कर ट्रांसपोर्टर दौलत सिंह निवासी नावा सिटी राजस्थान की ट्रक में लोड करवाकर विभिन्न राज्यो के विक्रेताओं को भेजते थे। पखांजूर थाना की पुलिस टीम ने नावा सिटी राजस्थान से अपराध में शामिल चार आरोपियों विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड में पखांजूर लाकर न्यायिक रिमाण्ड हेतु कोर्ट में पेश किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना फरार है।राजस्थान जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक रामबन्द्र साहू, प्र.आर. लिहेन्द्र देवांगन, आरक्षक जोसेफ बड़ा, हेमंद द्विवेदी, ओमनारायण सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीएम ने अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर निगरानी के दिए निर्देश, टीम ने लावा नदी से 4 ट्रेक्टर जप्त किए



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में जन सूचना के आधार पर लावा नदी डुमरटोली क्षेत्र में राजस्व तसीलदार मनोरा, खनिज इंस्पेक्टर जशपुर और पुलिस विभाग मनोरा के द्वारा संयुक्त जांच किया गया जिसमें 04 ट्रेक्टर खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाया गया जांच टीम ने खनिज नियम के तहत कार्यवाही करते हुए सभी को जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली जशपुर की अभिरक्षा मे रखा गया। सभी जप्ती वाहनो पर खान तथा खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम के उल्लेखित प्रवाधानो के तहत अग्रिम कार्यवाहि की जाएगी द्य कार्यवाही के दूसरे दिन भी जांच जारी रही जांच के दौरान एक भी गाड़ी लगा हुआ नहीं पाया गया उक्त जांच ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर की गई लगातार कुछ दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बाहर की ट्रैक्टर जाकर मनोरा अंतर्गत रेत घाटों से अवैध तरीके से खनन करके रेत ले जाया जा रहा है।

# द्वितीय वाहिनी मुख्यालय सुकमा में हुआ गणेश जी का स्थापना



पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com

गणेश उत्सव के अवसर पर रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल के दिशा निर्देशानुसार द्वितीय वाहिनी के वाहिन मुख्यालय व मुर्कराजकोण्डा व दुलेर में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ती स्थापित की गई। विदित है कि गणेश उत्सव पूरे देश में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में बड़े पैमाने पर उत्सव मनाया जाता है। भगवान श्री गणेश जी समृद्धि, सौभग्य और बुद्धि के प्रतिक है और भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना करने से सभी बाधाये दूर हो जाती है। इस अवसर पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के द्वारा मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें द्वितीय वाहिनी के अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानें के द्वारा पूरे हर्षो उल्लास के साथ भगवान श्री गणेश जी का आह्वान व भोग तैयार किया गया। इसके साथ ही वाहिनी मुख्यालय परिसर शबरीनगर सुकमा में भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद का वितरण मंदिर परिसर में उपस्थित कैम्प के आस-पास के गॉवों के लगभग 132 युवाओं, युवतियों, पुरूषों, बुजूर्गो, महिलाओं व बच्चों आदि भक्तगणों को कराया गया। इस मौके पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, ज्ञानेश प्रताप सिंह सहा. कमाण्डेन्ट, के.रि.पु.बल एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। अंत में रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल ने वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों, सभी समवाय अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों को भगवान श्री गणेश की मूर्ती स्थापना को सफल बनाने के लिए अभिवादन किया तथा उनके और उनके बच्चों के उज्चवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी, साथ ही कमाण्डेन्ट महोदय ने इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में पधारने वाले सुकमा जिले के सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए यह भी कहा की आप सभी के आगमन और बल के सदस्यों के साथ प्रसाद ग्रहण करने से हम सभी कृतज्ञ हुए।

# प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के नारायणपुर आगमन पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के नारायणपुर आगमन पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा नारायणपुर के जिला अध्यक्ष मोतीराम नाग ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आंबेडकर पार्क नारायणपुर में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और लोगों में जागरूकता को दर्शाता है। जिसका उद्देश्य जन सहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाना है। यह अभियान न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है। आंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण के दौरान प्रमुख रूप में जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम, उपाध्यक्ष सोनू राम कोर्राम एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के नारायणपुर जिला प्रभारी अनिल खोबरागड़े एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अशोक एवं अमलतास के पौधों का रोपण किया गया।

# बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिती ने गणेश स्थापना के लिए बांटी गणेश जी की प्रतिमा

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com





सुकमा जिले में सेवा कार्य कर रही बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति सुकमा जिले में गाँव गाँव में गणेश जी की प्रतिमा का निशुल्क वितरण किया जा रहा है बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका अधिवक्ता दीपिका शोरी ने बताया की हमारे दक्षिण बस्तर क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हमारे आदिवासी भाइयों बहनों को रक्षाबंधन न मनाने, दुर्गा माता की उपासना करने, गणेश जी की स्थापना नहीं करने हेतु भ्रमित किया जा रहा है, आदिवासी हिन्दू नहीं हैं ऐसा अफवाह फैलाया जा रहा है, मैं उनसे कहना चाहती हूं की अगर आप समाज का भला करना चाहते है तो कृपया समाज़ को भ्रमित न करें।

**दादा बलिराम कश्यप को किया याद :** दीपिका ने कहा की बस्तर जिले में विकास की गंगा बहाने वाले पूर्व मंत्री, कई बार के सांसद वरिष्ठ आदिवासी नेता स्वर्गीय बलिराम कश्यप दादा जिन्हें सम्पूर्ण रामायण कंठस्थ था जो अपने भाषण के दौरान रामायण की चौपाइयाँ बोलते थे आज भी उनकी स्मृति दिवस में उनके परिजनों के द्वारा रामायण वितरित की जाती है मै पूछना चाहती हूं उन सभी लोगों से जो हिन्दू धर्म का व त्यौहारों का विरोध करते हैं क्या दादा बलिराम कश्यप आदिवासी नहीं थे क्या वो हिन्दू नहीं थे ऐसे लोग समाज को भ्रमित कर अपनी राजनीति रोटी सेकना चाहते है और कुछ नहीं

**श्रद्धांलुओं ने दीपिका का किया आभार-पटका व श्रीफल देकर किया सम्मानित :** बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका के इस कार्य का सुकमा में ग्रामीणों के द्वारा बहुत ही सराहना की जा रही है प्रतिमा लेने आये श्रद्धालूओं के द्वारा दीपिका का आभार करते हुए उन्हें पटका एव श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। इस अभियान में समिति के कोषाध्यक्ष संजय भदौरिया सचिव गौरव राठौर सदस्य राम कुंजाम, लक्ष्मी शर्मा, शिल्पा मंड़ावी, कुहू, परी एवं समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

**इन स्थानों पर किया गया गणेश जी की प्रतिमा का नि:शुल्क वितरण :** विकासखंड छिंदगढ़ के अंतर्गत नेतानार, किकिरपाल, कोडरीपाल, चितलनार, बाडनपाल और रोकेल, लसकेपारा, मासेगापारा, पाकेला, चिकपाल-2 सुकरूपारा, डोडपाल सुकमा में वार्ड क्रमांक 14 सुभाष वार्ड, वार्ड क्रमांक 15, वार्ड क्रमांक 1 मस्तान पारा, और कन्या परिसर सुकमा इसके अलावा सुकमा जिला के अन्य 30 स्थानों पर गणेश जी प्रतिमा नि:शुल्क वितरित की गई, इसके अलावा रामाराम में भी प्रतिमा देकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

# दिव्यांग मुकेश पटेल ने पत्रकारों के माध्यम से कलेक्टर दीपक सोनी से किए फरियाद

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सरखोर कक्षा11वी का दिव्यांग छात्र मुकेश पटेल अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू ,ट्राई सिकल के आभाव में छात्र मुकेश को विद्यालय में आने में रोजाना तकलीफो से होता है सामना, मगर मजबूरी और पढ़ाई से भविष्य तक का सफर से जो रिश्ता है उन्ही की खातिर मजबूर दिव्यांग छात्र हर चुनौती को मात देते विद्यालय नियमित आ रहे हैं लेकिन अभी तक उन्हें स्वचलित ट्राई सिकल नहीं मिल पाना सरकार के तमाम दावे और आश्वासन इस गरीब छात्र के लिए महज दावे और सपने के बीच में ही दम तोड़ता हुआ दिख रहा।गरीब दिव्यांग छात्र के माँ बाप के पास इतना रुपये नहीं है कि वह अपने बच्चे के लिए बैटरी चलित ट्राइसिकल खरीद पाए ,दो वक्त की रोटी कमाने में परिवार का जीवन जैसे तैसे चल रहा ऐसे में छात्र के शिक्षक शिक्षिकाओ के अलावा छात्र स्कूली मित्रगण, गॉव के ग्रामीण एवं परिवार भी चाहता है कि कोई तो दिव्यांग मुकेश पटेल की सुध लेता कोई तो उनकी मजबूर बच्चे को ट्राइसिकल दिलाता कोई तो उनकी सन्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, जिला के कलेक्टर दीपक सोनी तक पहुचाए, उनके माता पिता ने हमारे न्यूज़ चैनल के माध्यम से कहा है कि उनकी फरियाद जिला कलेक्टर दीपक सोनी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जरूर सुनेंगे। वहीं छात्र मुकेश पटेल ने गोलू कैवर्त जिला संगठन प्रभारी श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बलौदाबाजार के समझ अपनी समस्या को रखते हुए जिला कलेक्टर से निवेदन करते बैटरी चलित ट्राइसिकल की मांग किये गए हैं।

# विधायक रायमुनि भगत के प्रयास से धनापाठ में केनरा बैंक की शाखा खुली, ग्रामीणों में हर्ष

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने जशपुर विधायक रायमुनी भगत के अथक प्रयास से धनापाठ में केनरा बैंक का शाखा स्थापित हुआ। इस दौरान ग्रामीणों की समुचित बैंकिग सुविधा यहीं उपलब्ध हो जाने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

ज्ञात हो कि पाठ क्षेत्र में उचित बैंको की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कई बार उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता था,उक्त समस्या ग्रामीणों ने कई बार जशपुर विधायक के समक्ष रखा,जिसे संज्ञान में लेते हुए जशपुर विधायक ने अथक प्रयास किया और इसी प्रयास का परिणाम रहा कि धना पाठ में केनरा बैंक का शाखा खोलने की अनुमति मिली। जिसके तहत रविवार को जशपुर विधायक रायमुनी भगत के मुख्य आतिथ्य में फीता काट कर बैंक का शुभारंभ किया। जशपुर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मांगें अब पूरी हो गई है,यहां बैंक के क्षेत्र में आ रही समस्या अब दूर हो चुकी है। केनरा बैंक से सभी प्रकार की बैंकिग सुविधाएं अब ग्रामीणों को उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान शाखा प्रबंधक अनुराग अंशुल ने कहा कि बैंकी सुविधा ग्रामीणों की कार्यालयीन समय पर सुचारू रूप से उपलब्ध कराया जायेगा, इस कार्य में सभी बैंकिंग कर्मचारी अपने ग्राहकों का पूरा साथ देंगे कर कुशल व्यवहार के साथ बैंकिंग कार्य किया जायेगा। इस दौरान मुकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, हरिशंकर यादव, सुरेंद्र कुमार, रामस्वरूप यादव सहित बगीचा एसडीएम ओंकार यादव और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## उड़ीसा में व्यापारी को सिगरेट बेच साले के लिए खरीद स्कूटी व हॉटल के सामान

# 12 लाख के सिगरेट की सिक्रेट चोरी का कांकेर पुलिस ने किया पर्दाफाश

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



शहर के एक एजेंसी से सिगरेट की भारी मात्रा में चोरी करने वाले आरोपियों तक पहुँचने में कांकेर कोतवाली को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शान्तम नाथ पिता राजेन्द्र कुमार वातयानी उम्र 33 वर्ष निवासी सिविल लाईन माहुरबंदपारा कांकेर ने 19 अगस्त को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 10 बजे के मध्य उनके श्रीराम एजेन्सी माहुरबंदपारा कांकेर में अज्ञात चोर द्वारा दुकान की टीन छत को खोल कर दुकान के अंदर रखे एम आई कम्पनी का फोन एवं सिगरेट का 4 कॉर्टुन लुझ सिगरेट पुड़ा जिसके 12,67,200 रूपये का सिगरेट चोरी होने की रिपोर्ट थाना कांकेर में अपराध कमांक 311/24 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पता साजी एवं गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं पुलिस अनु.अधि. मोहसिन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर के थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व मे टीम गठित कर रवाना किया गया था। विवेचना दौरान घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने से संदेही का फोटो प्राप्त हुआ जिसका मिलान करने पर यादराम पटेल पिता स्व नीलसिग पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम फरौदा तह. पिथौरा थाना तेंदुकोना जिला महासमुंद का होना पता चला जो कि उक्त व्यक्ति थाना केशकाल जिला कोण्डागांव के अन्य मामले में न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बस्तर में निरूद्ध था जिनका माननीय सीजेएम न्यायालय कांकेर से प्रोडक्शन वारंट पर संदेही को पुलिस रिमांड लेकर पुछताछ कर मेमोरेंण्डम कथन लेख किया गया मेमोरेण्डम कथन के आधार पर संदेही ने बताया कि उक्त सिगरेट को उड़ीसा के पंकज साहू निवासी भैसाताल खरियार रोड को लगभग 3,80,000 रूपये में बेचा था शेष माल सिगरेट व चोरी के सामान से बेचे हुऐ पैसे से अपने साले संतराम के नाम से एक नग स्कुटी हिरो डेस्टनी शोल्ड, हॉटल का सामान कुर्सी, टेबल, कॉउंटर, बर्तन, चुल्हा, पंखा, लाईट और अन्य सामान को अपने साले संतराम निराला उर्फ खिलवाडे निवासी परसदा थाना राजिम जिला गरियाबंद के हॉटल अभनपुर जिला रायपुर में छिपा कर रखा था एवं बचे हुए सिगरेट के पुड़ा एवं लूज पैकेट को पुलिस टीम के द्वारा मौके पर जप्त कर कब्जा में लिया गया है उक्त जप्त शुदा सामाग्री बर्तन, कुर्सी, टेबल, सिगरेट एवं स्कुटी डिस्टनी का अनुमानित कीमत 3,20,000 रूपये है शेष नगद रकम 60,000 रूपये को निजी कामों से खर्च करना बताया है। पंकज साहू निवासी भैसाताल खरियार रोड उडीसा सकुनत से फरार है आरोपी यादराम पटेल एवं आरोपी संतराम निराला उर्फ खिलवाडे के विरूद्ध प्रर्याप्त अपराध सबुत पाये जाने से न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय कांकेर पेश किया गया।

# मुख्यमंत्री बगिया निवास में गणेश पूजा की धूम सुर संगीत से देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जशपुर जिले के निजी निवास बगिया में गणेश भगवान की भव्य पंडाल और प्रतिमा लोगों को सहज ही आकर्षित कर रही हैं। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय विधी विधान से गणपति महाराज की पूजा अर्चना कर रही है। मुख्यमंत्री के बगिया निवासी में 11 दिन तक चलेगा, विशेष पूजन, संध्या आरती और स्वर संदेश मानस परिवार दोकड़ा द्वारा अनेक भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है।जिसमें भजनों एवं सुर संगीत से देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे।



# शान्ति सरोवर में शिक्षक दिवस समारोह सम्पन्न

## हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे : डॉ. अरूणा पल्टा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com







प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विषय था श्रेष्ठतम समाज के लिए मूल्य आधारित शिक्षा। समारोह का उद्घाटन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानन्द शुक्ल, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) के डायरेक्टर डॉ. एन.वी. रमना राव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, हेमचन्द विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा तथा रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और रूचिका दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया। हेमचन्द विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने स्वामी विवेकानन्द का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे। आज समाज में अच्छे चरित्र की सबसे अधिक कमी जरूरत महसूस हो रही है। हाल ही में कोलकाता में घटित घटना इसी तथ्य की ओर ईशारा कर रही है। अगर हम चरित्र का निर्माण नहीं कर पा रहे तो कितनी भी अच्छी शिक्षा हम दे लें उसका कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने जापान देश का उदाहरण देते हुए बतलाया कि वहाँ पर छोटे बच्चों को पहले अच्छा इन्सान बनने की शिक्षा दी जाती है। उनके कन्धों पर किताबों का बोझ नहीं होता है। वहाँ पर केवल यह सिखलाया जाता है कि किस तरह से दूसरों का आदर करना है, आस-पास के वातावरण को साफ रखना है और किस तरह से एक दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक भाई-चारे के साथ रहना है। औपचारिक पढ़ाई उनकी सात या आठ वर्ष की उम्र के बाद शुरू होती है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानन्द शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों के अन्दर इतना नैतिक बल होना चाहिए कि वह दूसरों को प्रेरित कर सके। एक समय हमारी शिक्षा व्यवस्था इतनी उन्नत थी कि हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाता था। हम अब तक ब्रिटिश शिक्षा व्यवस्था को ही आगे बढ़ाते जा रहे थे। वर्ष 2019 में पहली बार सरकार ऐसी शिक्षा पद्धति लेकर आयी जिसमें आधुनिकता और भारतीयता की झलक थी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने विद्यार्थियों को भारतीय होने का बोध कराएं और उन्हें बतलाएं कि भारतीय होना सबसे अधिक पर गर्व की बात है। हमारे ज्ञान का भण्डार कम नहीं हुआ है। हमारा ज्ञान, हमारी परम्परा समृद्ध है। हमारी भाषा जिस लिपि में लिखी गई है उसका एक-एक अक्षर और स्वर विशेष तरंग उत्पन्न करते हैं। इतनी विज्ञान सम्मत भाषा दुनिया में कहीं नहीं है। इसीलिए हमारे जितने भी मंत्रोपचार हैं वह देवनागरी लिपि में लिखे गए हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) के डायरेक्टर डॉ. एन.वी. रमना राव ने कहा कि बच्चों में जिम्मेदारी, सहानुभूति और दूसरों के प्रति आदर भाव पैदा करने के लिए नैतिक और सदाचारपूर्ण शिक्षा की जरूरत है। समाज में सहानुभूति, सद्भाव और एकता का विकास करने के लिए मानवता और करूणा की शिक्षा देने की आवश्यकता है। यह जरूरी है कि समानता, न्याय और सबको समान अधिकार मिले। मूल्यनिष्ठ शिक्षा से ही जीवन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पर्यावरण की सुरक्षा और परस्पर सम्मान की भावना पैदा होगी। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि हमारी शिक्षा केवल रोजगार केन्द्रित नही होनी चाहिए। हमारा समाज सुखी तब बनेगा जब शिक्षक शिक्षा के माध्यम से छात्रों में मानवीय संवेदना जगाएंगे। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक वह है जिसमें जिन्दगी भर कुछ सीखने की ईच्छा हो। नई-नई किताबें पढ़ना, लोगों से मिलकर उनके विचार जानना यह उसके अन्दर भावना होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज आपाधापी में लोग इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि उसके पास परिवार के लिए और खुशी का अनुभव करने के लिए समय ही नहीं है । किसी शायर ने खूब कहा है कि-ख्वाहिसों भरी जिन्दगी में हम सिर्फ दौड़ रहे हैं। रफ्तार धीमी करो मेरे दोस्त ताकि खुशी से जी सको। उन्होंने ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन शिक्षा का प्रतिमान था। अपने अथक प्रयासों से उन्होंने सुदूर अंचल तक आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और समूचे छत्तीसगढ़ में सेवाकेन्द्र खोलने में सफल रहीं। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करने का दायित्व शिक्षक पर होता है। देश में कई ऐसी उत्कृष्ट संस्थाएं हैं जो कि अच्छे डॉक्टर्स और इन्जीनियर्स बनाने का कार्य कर रहे हैं किन्तु उन्हें अच्छा इन्सान बनाने के लिए कोई शिक्षा संस्थान नहीं है। आध्यात्मिकता हमारे जीवन को नैतिक मूल्यों से संवारने में मदद करती है। राजयोग मेडिटेशन इसमें बहुत अधिक मददगार सिद्ध हो सकती है। सद्गुणों की प्राप्ति अध्यात्म से ही हो सकती है। इससे पहले मूल विषय को स्पष्ट करते हुए ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने कहा कि वर्तमान समय हमारे देश में शिक्षित लोगों का प्रतिशत बढ़ रहा है। किन्तु इसके साथ ही समाज में अपराध का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं लेकिन भाई-चारा कम हो रहा है। अगर हमें मूल्यनिष्ठ समाज बनाना है तो उसके लिए शिक्षकों को समाज के आगे आदर्श बनकर स्वयं को प्रस्तुत करना होगा। इस अवसर पर रायपुर के बाल कलाकारों ने नैतिक मूल्यों पर आधारित परिवर्तन की सुनहरी यात्रा नामक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। अन्त में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने शॉल और श्रीफल भेंटकर डॉ. सच्चिदानन्द शुक्ल, डॉ. अरूणा पल्टा, डॉ. एन.वी.रमना राव और प्रो. बल्देव भाई शर्मा का अभिनन्दन किया। सभा में उपस्थित समस्त शिक्षकों का भी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अभिनन्दन किया गया।

# जरही माता की ख्याति दूर दूर तक : रामू रोहरा



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम सांकरा में स्थित धमतरी क्षेत्र के प्रसिद्ध माता का मंदिर जो जरही माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। वहां पर समिति के वर्षों पुरानी मांग शेड निर्माण कार्य जिसको पूरा करते हुए भूमि पूजन का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने उपस्थित सभी भक्तों से अपनी बात रखते हुए कहे की यह माता की ही कृपा है की आज मुझे इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में सहभागी होने का अवसर मिल रहा है। जरही माता मंदिर पूरे क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि दूर.दूर से यहां लोग दर्शन करने आते हैं साथ ही जो भी दर्शनार्थी यहां आते हैं उन पर माता की निश्चित रूप से कृपा होती हैए जिसका परिणाम है की माता की ख्याति दूर.दूर तक फैल रही है।वर्ष में होने वाले अनेक धार्मिक आयोजनों में यहां बहुत भीड़ होती है उस दृष्टिकोण से आने वाला समय में और भी विकास के कार्य यहां होते रहेंगे। पूरे क्षेत्रवासियों ने उपस्थित रामू रोहरा का जोरदार स्वागत वंदन अभिनंदन किया। उपस्थित ग्राम वासियों के द्वारा कुछ गांव की समस्याएं भी उनके समक्ष रखी गई जिन पर संज्ञान लेते हुए रामू रोहरा जी ने तुरंत संबंधित मंत्री से बात करके उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे पूर्व उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि और वर्तमान गंगरेल भाजपा मंडल के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति और क्षेत्र वासियों के माध्यम से लगातार शेड निर्माण कार्य का मांग किया जा रहा था जिसके पूरा होने से क्षेत्र वासियों के साथ सभी भक्तों को सुविधा मिलेगी।बहुत अधिक धूप और बारिश में भी अनेक कार्यक्रमों का संपादन बिना बाध्यता के साथ अब संपन्न होगी। इसके लिए उन्होंने पूरे समिति के साथ क्षेत्र वासियों को भी बधाई शुभकामनाएं दिए। उक्त कार्यक्रम में साथ में आए सुभाष चंद्राकर, साकरा के बूथ अध्यक्ष पलकेश्वर ध्रुव, प्रमोद बंजारे, अध्यक्ष कपिल सोनवानी, उपाध्यक्ष हरिराम बांदे,सचिव डोमन लाल साहू, कपिल सोनवानी, सहसचिव उदय राम बंजारे रामेश्वर कुर्रे,राज किशोर चक्रधारी, दिलेश्वर नेताम ऐसे सैकड़ो भक्त और मातृ शक्ति उपस्थित थे।

# पर्यूषण पर्व का पहला दिन





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यूषण पर्व का दिन उत्तम क्षमा का दिन कहलाता है। उत्तम क्षमा का भाव धर और क्रोध से दूर रहकर आप यश वैभव पा सकते हैं। दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम दिन श्री जी की शांति धारा का सौभाग्य सुभाष परख जैन को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात मंगल कलश स्थापना का सौभाग्य बाबूलाल अजेशजैन को प्राप्त हुआ। प्रथम मंगल दीपक का सौभाग्य समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन को प्राप्त हुआ प्रथम चार कलश से श्रीजी का अभिषेक अनुराग जैन, अरिहंत जैन, परख जैन चयन जैन द्वारा किया गया। क्षमा पर्व के शाम की महाआरती करने का सौभाग्य इंद्र कुमार अशोक जैन को प्राप्त हुआ। प्रथम दिन मंदिर जी में धर्म के प्रति भाव और उत्साह नजर आ रहा था। बाहर से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री के मंत्रोपचार और उनके धार्मिक गीत के बीच पूजन संपन्न हुई। उत्तम क्षमा दिन पर समाज के संरक्षक इंद्र कुमार एवं महावीर प्रसाद ने कहा कि उत्तम क्षमा सबसे क्षमा सबको क्षमा यही क्षमा का सार है। कार्यक्रम में शाम 7:30 महा आरती 8:00 बजे से पंडित शास्त्री जी का प्रवचन और 9:00 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम जो प्रतिदिन होगा। कार्यक्रम में समाज के लगभग महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त करवाई लगातार जारी

## दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 13 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 3900 समन शुल्क किया गया वसूल

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले, तेज एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाने तथा नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा



चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3900 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 09 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4500 समन शुल्क, तेज एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले 04 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8,000 समन शुल्क एवं नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ी करने वाले 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही का 4200 वसूल किया गया है। 07.09.2024 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 58 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 27,900 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# बसना बीआरसीसी पूर्णानन्द मिश्रा ने पीएमश्री स्कूल चनाट संकुल केंद्र आकस्मिक निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना बीआरसीसी पूर्णानन्द मिश्रा ने पीएमश्री स्कूल चनाट संकुल केंद्र चनाट का आकस्मिक निरिक्षण किये, जिसमे शाला की दर्ज संख्या, शिक्षक दैनंदिनी, नवाचार, मध्यान भोजन गुणवत्ता, शाला की साफ सफाई, शिक्षक उपस्थिति के साथ साथ कक्षा मे जाकर बहुत से बच्चों से सवाल जवाब कर गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, हिंदी तथा जनरल नॉलेज के प्रश्न ब्लैक बोर्ड मे चाक पकडकर बच्चों को ऐकिक नियम के गणित भी समझाये। तत्पश्चात संकुल केंद्र चनाट एवं बिरनडबरी के स्मार्ट शिक्षकों की बैठक लेकर बच्चों के पढ़ाई के स्तर के साथ साथ, विकासखंड बसना को एक अलग पहचान बनाने हेतु सभी को अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने प्रेरित किया, बच्चों का नवोदय, एकलव्य, सैनिक स्कूल, प्रयास आदि मे चयनित कैसे हों, शिक्षक साथी योजना बनाकर चलें, कोई अप्रवेशी, शाला त्यागी बच्चा ना हों, इस बात का भी ख्याल रख काम किया जावे। पालक, बालक, शिक्षक का सामंजस्य बना कर चलें, सभी शालाओं मे पालकों का व्हाट्सप्प ग्रुप बनाएं, शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वप्रेरित होकर ड्रेस कोडलागू करने, स्मार्ट एंड्राइड टीवी के माध्यम से समय समय पर पढ़ाई (जिसके संसाधन के लिए पालकों /जनप्रतिनिधियों को प्रेरित कर सहयोग) आदि शैक्षणिक गतिविधियों से सबंधित चर्चाएं हुई। बैठक मे प्रमुख रूप से स.के. चनाट के समन्वयक रोहित पटेल, बिरनडबरी समन्वयक महेश नायक, ब्लॉक नोडल डीजेन्द्र कुर्रे, स्मार्ट टीचर अनिल पटेल, नवरतन पटेल, रामबाई पटेल, राजेश पटेल, वीरेंद्र चौधरी, विजय कश्यप पीएमश्री चनाट के प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक आदि शिक्षक साथी मौजूद थे, जिन्होंने मिश्रा को बीआरसीसी बसना बनने के बाद प्रथम बार संकुल केंद्र चनाट आगमन पर बधाई दीं एवं हर्ष व्याप्त किया।

# सभी को कम से कम साल में एक बार अवश्य माफी मांग लेना चाहिए : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




विशुद्ध सागर ने फरमाया कि जैन धर्म दुनिया का एक मात्र धर्म है जो साल में एक दिन अपने द्वारा जाने अनजाने में किए गए गलती की क्षमायाचना करता है। तन से मन से या वचन से प्रत्यक्ष या परोक्ष कोई भी गलती हुई है तो उसके लिए सभी को कम से कम साल में एक बार अवश्य माफी मांग लेना चाहिए। क्योंकि अगर हम सालभर में भी अपने गलतियों की माफी नही मांगेंगे तो वह निकाचित कर्म बन जायेगा। और उसे भोगना ही पड़ेगा और कर्म सत्ता कभी भी किसी को नहीं छोड़ती। पूरी दुनिया में जैन धर्म की ये विशेषता है की हम साल में एक बार संवतसरी प्रतिक्रमण करके सभी से माफी जरूर मांगते है। माफी मांगते समय यह नही देखना चाहिए की सामने वाला मुझसे बड़ा है या छोटा। क्योंकि माफी मांगने वाला कभी छोटा नही होता। और माफकर देने वाले से बड़ा कोई उदार हृदय नही होता। आज हमे अपने अंतर्मन को साफ करना है और इस मन में परमात्मा को विराजमान करने का प्रयास करना है। कल 7 सितबा 2024 को सभी श्रावक श्राविकाओ द्वारा संवत्सरिक प्रतिक्रमण किया गया। उसके बाद पूरे श्रीसंघ ने 84 लाख योनियों से यहां विराजित गुरुभगवंतों से समस्त श्रीसंघ से खमतखामना की गई। आज 8 सिंबर 2024 को तपस्वियों के बहुमान का कार्यक्रम धनकेशरी मंगलभवन में आयोजित किया गया। पांच सिद्धि तप के तपस्वी, एक मासखमन एवं 50 से अधिक अट्ठाई की तपस्या के तपस्वियों का बहुमान किया गया। कल 9 सितंबर 2024 को अक्षयनिधी, समावशरण, विजयकषाय एवं मोक्ष तप के तपस्या के तपस्वियों का सम्मान उसके बाद भव्य वरघोड़ा प्रातः 10बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय से निकलेगा। एवम आदिश्वर जिनालय में आकर समाप्त होगा। उक्त समस्त कार्यक्रम परम पूज्य उपाध्याय प्रवर महेंद्र सागर म सा एवं परम पूज्य मनीष सागर जी म सा के शिष्यरत्न परम पूज्य युवासंत विशुद्ध सागर जी म सा आदि ठाणा तीन की निश्रा में संपन्न होगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आगामी 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचयतों में विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी ने वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत, उप संचालक पंचायत एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक को प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इस तरह जनपद सीईओ को अपने विकासखंडो में कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। एसडीएम को कार्यक्रम आयोजन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई। कलेक्टर सोनी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों में 3 मुख्य आधार स्तम्भ है जिनमे स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। उन्होने बताया कि 14 सितम्बर से अभियान की शुरुआत होगी जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा। शैक्षणिक सामूहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वछता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, क्विज, जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।ग्रामीण क्षेत्रों में फूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार किया जाएगा। जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावासो में वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से सुसज्जित करना एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वछता चौपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाएगा। स्वच्छ ग्राम पंचायत एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन, वाल पेंटिंग्स एवं सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा।

# तीजा व्रत पति की दीर्घ आयु व सुयोग्य वर की प्राप्ति का मार्ग है : कविता योगेश बाबर

## सारंगपुरी में करुभात व महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम विकास समिति सारंग पूरी द्वारा हरितालिका व्रत तीजा की पूर्व संध्या पर ग्राम में आए हुए बहन बेटियों के सम्मान में समारोह एवं करूँ भात खिलाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया बाबर ने भगवान शंकर एवं पार्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में शामिल हुई ग्राम में तीजा आए हुए बहन एवं बेटियों को साड़ी श्रीफल एवं करुभात खिलाकर उनका सम्मान किया गया तीजा का त्योहार हमारे हिंदू धर्म एवं संस्कृति में पारंपरिक त्योहार है जो प्रति वर्ष भाद्र मास में मनाया जाता है इसमें महिलाएँ अपने पति की दीर्घ आयु के लिए एवं कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत का पालन करती है इस अवसर पर बाबर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को तीजा पर्व की बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ एवं इस व्रत के करने से भगवान शिव एवं पार्वती खुश होकर आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में तीज त्योहारों को विशेष रूप से मनाने की परंपरा की शुरुआत की थी जिसका सार्थक परिणाम आज देखने को मिल रहा है यह पर्व भगवान शिव व माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है भगवान शिव को पाने के लिए माँ पार्वती ने इस कठोर व्रत का पालन किया था तब उन्हें भगवान शिव उन्हें प्राप्त हुवे थे इस कार्यक्रम में बाबर ने भोजन करने आए हुए समस्त माताओं एवं बहनों को खाना परोस कर उनका अभिवादन किया कार्यक्रम के इस अवसर पर आयोजन समिति के लतेल साहू भोला दीवान रामकुमार यादव जोहत राम नेताम खोवा राम साहू गंगा राम साहू गोपेश यादव थानसिंग दीवान देवेंद्र निषाद लता साहू रीतिका यादव नंद कुमारी साहू दीप माला साहू उप सरपंच हनीफ ख़ान धनु जांगड़े कैलाश साहू प्रीतम सोनकर व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# हरितालिका तीज पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रख पति की दीर्घायु की कामना की

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान मंदिरों की नगरी शिवरीनारायण में अपने पति की लंबी आयु तथा अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए हरितालिका तीज का त्यौहार नगर में भक्ति भाव के साथ उल्लासमय वातावरण में मनाया गया।

इसी तारतम्य मे नगर के मुख्य मंदिर शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में स्थापित भगवान चंद्रचूड़ महादेव मंदिर में हरितालिका तीज के पावन अवसर पर भगवान चंद्रचूर्ण महादेव मंदिर में विशेष पूजन और अनुष्ठान संपन्न कराए गए महिलाओं ने निर्जला उपवास रख भगवान चंद्रचूड़ महादेव जी का पूजन किया सुबह से देर रात्रि तक चंद्रचूर्ण महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए भीड़ लगी रही नगर सहित दूर-दूर से आए हुए श्रद्धालुओं ने चंद्रचूड़ महादेव जी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रदोष काल में भगवान चंद्रचूड़ महादेव जी का विशेष पूजन किया गया इस मौके पर भगवान चंद्रचूर्ण महादेव जी के ऊपर फुलेरा लगाया गया प्रदोष काल में पूजन के लिए महिलाओं की मंदिर में काफी भीड़ रही।




**शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में महिलाओं ने रात्री जागरण कर भजन कीर्तन किया**

हरतालिका तीज के पावन अवसर पर शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में रात्रि जागरण कर नगर की महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन आयोजन किया गया भजन कीर्तन देर रात्रि तक निर्बाध गति से चलता रहा व्रती महिलाओ ने रात्रि में भी चंद्रचूर्ण महादेव जी कापूजा अर्चना कर दर्शन लाभ भी लिया रात्रि के समय पूरा मंदिर परिसर व्रती महिलाओ से भरा हुआ था गणेश चतुर्थी के दिन सुबह फिर से व्रती महिलाओ ने चंद्रचूर्ण महादेव जी का दर्शन पूजन कर अपना अपना निर्जला व्रत खोला।

भगवान चंद्रचूर्ण महादेव का मंदिर 8वी 9वी शताब्दी का बना हुआ है मंदिर के गर्भगृह में भगवान चंद्रचूर्ण महादेव जी का नयनाभिराम आकर्षक शिवलिंग स्थापित है मंदिर अंदर शंकर जी का पूरा परिवार गणेश जी, कार्तिकेश्वर भगवान जी और माता पार्वती देवी विराजमान हैं चंद्रचूर्ण महादेव जी के ठीक सामने विशालकाय नंदी जी है। सावन माह में पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से श्रद्धालु आकर चंद्रचूड़ महादेव जी का जलाभिषेक करते हैं, रुद्रा अभिषेक करते हैं पूरे 12 माह के प्रदोष काल में भी चंद्रचूड़ महादेव में विशेष पूजन धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाते हैं। महाशिवरात्रि और हरतालिका तीज के पावन अवसर पर भी चंद्रचूड़ महादेव जी के ऊपर जलाभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाता है। चंद्रचूड़ महादेव जी श्रद्धालुओं की समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।फुलेरा लगाकर भगवान चंद्रचूर्ण महादेव जी का पुजन किया गया धार्मिक मान्यता है कि हरतालिका तीज पर कम से कम शंकर जी के ऊपर 5 फुलेरा लगा हुआ हो उसका दर्शन करना चाहिए शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में स्थपित चंद्रचूर्ण महादेव के अतिरिक्त दशावतार मंदिर, शंकर जी का मंदिर, सर्वमनोकामना महादेव जी का मंदिर और भोलेनाथ शिव मंदिर में फुलेरा लगाया गया था जिसके दर्शन के लिए भी नगर की महिलाओं का शिवरीनारायण भगवान मंदिर में रेला उमड़ा साथ शिवरीनारायण भगवान मंदिर में रोहणी कुंड का जल लेने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं.हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि हरतालिका तीज के अवसर पर शिवरीनारायण भगवान जी के चरण कमल रोहिणी कुंड का जल निर्जला उपवास रखने वाली महिलाओं को प्रतिवर्ष दिया जाता है रोहिणी कुंड के जल से ही निर्जला उपवास का पारण किया जाता है बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी रोहिणी कुंड का जल दिया जाता है। शाम 5बजे से रात्रि 9बजे तक नगर की महिलाओं को रोहिणी कुंड का जल वितरण किया गया।शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में हरतालिका तीज के पावन अवसर पर नगर की महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर लगाया गया शिक्षा चौपाल



पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिक्षा के महत्व को बताने के उद्देश्य से ग्राम भवरमाल में शिक्षक गुलजार बरेठ के द्वारा बच्चो के लिए शिक्षा चौपाल लगाया गया।शिक्षा चौपाल में छोटी छोटी कहानी के रंग बिरंगे आकर्षक पुस्तको को प्रदर्शित किया गया।बच्चो को कहानियां बहुत अच्छा लगता है ।बच्चे उनसे आकर्षित होकर कहानी के किताबो का वाचन कर आनंद लेने लगे। शिक्षक गुलजार बरेठ ने शिक्षा चौपाल के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि किसी देश में जितना ज्यादा पढ़े लिखे लोग होंगे वहा उतना ही ज्यादा खुशहाली और विकास होगा। लोगो में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल आठ सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इसका नीव अगर बचपन से ही रख दिया जाए तो आगे चलकर यह बहुत लाभदायक होता है। उन्होंने बताया कि अभी साक्षरता पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। यह दिवस साक्षरता के महत्व और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का विशेष अवसर है। समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हम सबको प्रयास करना चाहिए।

# साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण 9 सितंबर से

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में दिनांक 9 अगस्त से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इससे पहले सभी प्रतिभागियों के लिए दो दिवस आनलाइन कक्षाओं का भी आयोजन किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों विकासखंडों के 60-60 शिक्षकों को कुल 120 शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में आमंत्रित किया गया है। सभी प्रतिभागियों से कहा गया है कि वे कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान पुस्तक अपने साथ में लेते आएंगे। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:30 बजे से 5:30 तक रहेगा। इसमें



प्रातः 10:00 से चाय और नाश्ते की व्यवस्था रखी गई है तथा दोपहर 1:00 बजे भोजन की व्यवस्था रखी गई है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय है। इस प्रशिक्षण के संबंध में डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि इस वर्ष को हम सब शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मना रहे है। इसके साथ ही शिक्षकों की जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ गई है। इसी कारण से डाइट संस्थान के माध्यम से लगातार विषय वार शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षक पूरी तैयारी के साथ, उत्साह और नए आत्मविश्वास के साथ और नए-नए शिक्षण विधियों के द्वारा, टीएलएम के साथ बच्चों में उस विषय के प्रति समझ विकसित करें। प्रशिक्षण से ही शिक्षकों की प्रतिभा में निखार आता है। उनमें आत्मविश्वास की भावना भी बढ़ती है, और शिक्षक नई ऊर्जा और नए जोश के साथ, उत्साह के साथ अपने अध्यापन कार्य को करता है। अगर प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ अपने बच्चों के बीच रखेंगे, अपने बच्चों को पढ़ाएंगे तो निश्चित रूप से हम अपने उद्देश्यों में कामयाब होगें, और लर्निंग आउट कम में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी। प्रशिक्षण से हमें अच्छे और नवाचारी शिक्षक प्राप्त होते हैं। हमारा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाना नहीं है बल्कि उनमें समझ विकसित करना है, और जब बच्चे में उस विषय के प्रति समझ विकसित हो जाती है तो फिर वह उस ज्ञान को जीवन भर नहीं भूलते। प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सामाजिक विज्ञान के इस प्रशिक्षण के बारे में एक अधिकारिक पत्र साजा एवं नवागढ़ के बीईओ, बीआरसी को प्रेषित कर दिया गया है। इस प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट बेमेतरा की व्याख्याता यमुना जांगड़े हैं तथा मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डीआरजी हेमलता बंजारे व्याख्याता शासकीय उ मा वि बहेरा, दीपचंद देवांगन व्याख्याता शासकीय बालक उ मा वि नवागढ़ तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत बिहारी और शाहिद है।

# शक्ति के बालाजी ट्रेडर्स ने किया कॉन्ट्रेक्टर मीट का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com






शक्ति शहर के प्रतिष्ठित बालाजी ट्रेडर्स स्टेशन रोड द्वारा 6 सितंबर को शहर के बाराद्वार रोड में स्थित सिंह ढाबा में जे के लक्ष्मी सीमेंट जो कि पूरे भारत देश में एक सर्वश्रेष्ठ अग्रणी कंपनी के रूप में पहचान बनाए हुए हैं इसकी कॉन्ट्रेक्टर मीट का आयोजन किया, इस अवसर पर जहां बालाजी ट्रेडर्स जो की शक्ति एरिया के डीलर है,इसके संचालक मयंक अग्रवाल, जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी के एरिया टेक्निकल ऑफीसर कुंदन कोसरे, एरिया सेल्स ऑफिसर इमरान आलम प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट आज पूरे भारत देश में सर्वाधिक उपयोग की जाती है, तथा इस सीमेंट से जहां लंबे समय तक भवनों के निर्माण की उपयोगिता मिलती है, तो वहीं ठेकेदारों की भी यह पहली पसंद है, तथा कंपनी के अधिकारियों ने ठेकेदार मीट में उपस्थित ठेकेदारों से भी जे के सीमेंट को लेकर चर्चा की तथा उनसे भी सुझाव आमंत्रित किये, इस दौरान उपस्थित ठेकेदारों ने भी बताया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट के उपयोग से जहां उन्हें बेहतर गुणवत्ता मिल रही है,तो वहीं लंबे समय तक के निर्माण में भी इसका उपयोग होता है,वही क्षेत्रीय डीलर बालाजी ट्रेडर्स के संचालक मयंक अग्रवाल ने भी आगंतुक सभी अधिकारियों एवं कांट्रैक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज समय-समय पर इस प्रतिष्ठित कंपनी की ठेकेदार मीट होने से जहां कंपनी द्वारा किए जाने वाले बदलाव के संबंध में भी लोगों को जानकारी मिलती है तो वहीं उसकी उपयोगिता को और कैसे बेहतर बनाया जाए इस दिशा में भी सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं, 6 सितंबर को संपन्न ठेकेदार मीट में शक्ति क्षेत्र सहित पूरे जिले के ठेकेदार मौजूद रहे।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में तीजा पर्व पर महादेव की दिव्या फुलेरा से सिंगार किया गया



**बेमेतरा।** श्री राधा कृष्ण मंदिर स्थित शिव मंदिर में तीज पर्व के अवसर पर भगवान शिव लिंग का दिव्या फुलेरा से सिंगार किया गया जिसमें तीजा व्रत करने वाली माताएं भगवान का पूजन किया आचार्य गणेश्वर महाराज जी ने बताया सनातन धर्म में तीज पर्व का बड़ा ही महत्व है मां पार्वती ने जिस प्रकार तप करके भगवान शिव को प्राप्त किया था वैसे ही तीज पर्व मनवांछित फ्ल को देने वाला है।

# तीज पर्व पर बहनों ने लगाये मां के नाम एक पौधे



**बेमेतरा।** तीज पर्व पर बहनों द्वारा मां के नाम एक पेंड़ हायर सेकेंडरी स्कूल कठिया (रांका) मैदान में फलदार, छायादार पेड़- पौधों का वृक्षारोपण किया गया। तीज पर आई बहनों ने बताया कि हम हर वर्ष तीज के अवसर पर मायके आते हैं तो एक पेड़ जरूर लगाते हैं । हमारे द्वारा लगाए पेड़ पौधों की देखरेख पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा किया जाता है, हमारे द्वारा लगाए गए पेड़ पौधे अब बढ़ चुके हैं आप भी जरूर तीज पर्व पर एक पेड़ अवश्य लगाये और पर्यावरण को हरा-भरा करने में अपना भी योगदान दे। वृक्षारोपण में रामबाई, रीना साहू, सावित्री साहू, किरण साहू, सरोज साहू, गीता साहू धारना साहू सहित संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू उपस्थित रहे।

# शिक्षिका सुनीता राजपूत व केवरा सेन को अगले साल मिलेगा राज्यपाल पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के अवसर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा 2024-25 के लिए राज्यपाल पुरस्कार की घोषणा की गई द्य जिनमें बेमेतरा जिले से भी दो शिक्षिकाओं के नामों की भी घोषणा की गई। जिसमें बेरला विकास खंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका में कार्यरत नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन, और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली की नवाचारी शिक्षिका सुनीता राजपूत के नाम शामिल है। इन्हें अगले वर्ष राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होगा। नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन के नाम की घोषणा के साथ ही जिला, विकासखंड के साथ साथ समुचे अंचल में भी हर्ष और खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही उनके परिवार भी गौरवान्वित हो रहे हैं। नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन छत्तीसगढ़ की अकेली शिक्षिका हैं जिन्होंने पहले स्वयं जापानी भाषा सीखी और उसके पश्चात अब अपने विद्यालय के बच्चों को जापानी भाषा सीखा रही है एवं अन्तर राज्यीय महाराष्ट्र के बच्चों के साथ ऑनलाइन वार्तालाप भी करती है। उनके द्वारा लिखी पुस्तक बेसिक जापानी भाषा का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम रमेश बैस किया था। उनकी लिखी हुई इस किताब के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ महाराष्ट्र के बच्चे भी जापानी भाषा सीख रहे हैं। उनके विद्यालय के बच्चे अब स्पोकन इंग्लिश भी समूह में सीख रहे हैं। नवाचारी शिक्षा केवरा सेन अपने बच्चों तथा आसपास के बच्चों को NMMSE एवं प्रयास के नियमित प्रैक्टिस कराती है। वे अपने विद्यालय में बच्चों के लिए बचत बैंक भी खोले हैं। जिसमें बच्चे स्वयं के व्यय के लिए मिले हुए पैसे को शाला स्तर पर केवरा सेन एक गल्ले के माध्यम से सबका अपना अपना एकत्रित



करवाती है। लगातार तीन साल तक बच्चे जमा करते हैं। उसके पश्चात् बच्चें उस पैसे का सदुपयोग आगे की कक्षाओं या जरूरत के हिसाब से करते हैं। विद्यालय में औषधि उद्यान है जिनका संचालन व रखरखाव शिक्षिका केवरा सेन एवं ईको क्लब के बच्चों द्वारा किया जाता है तथा औषधि उद्यान एवं उनके गुणों के बारे में भी केवरा सेन ने पुस्तक लिखी है। उनके कार्यो को देखते हुए उन्हें अनेकों पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो चुके है। CG एप में नायक के रूप सम्मान, कोरोना काल में ऑनलाइन ऑफ्लाइन, मोहल्ला क्लास के लिए कोरोना योद्धा एडिटर एप द्वारा सम्मान,बाल मित्र ऑगनबाड़ी में कुपोषण के तहत कार्य करने पर विकास खंड स्तर पर सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 'ज्ञानदीप', PLC के तहत कार्य करने पर नंदकुमार (शिक्षा सचिव) महाराष्ट्र के द्वारा महाराष्ट्र में प्रशस्ति पत्र, शून्य निवेश नवाचार में सम्मान, ईको क्लब के तहत राज्य स्तरीय सहभागी बनने पर सम्मान, प्रत्येक साल प्रतिभावान ईको क्लब के बच्चों को सम्मानित करना। TLM निर्माण में जोन स्तरीय सम्मान, लक्ष्य वेध में कार्य करने पर राज्य स्तरीय प्रशस्ति पत्र, NMMSE एवं प्रयास में बच्चों का सलेक्शन होने पर योग ग्रुप बारगांव द्वारा प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान, NEP 2020 के FLN प्रशिक्षण में ट्रेनर्स के रूप विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर सम्मान, रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित रक्त दान महादान, पढाई छोड़ चुके बच्चों के लिए प्रयास, गाँव की महिलाओं को ओपन परीक्षा में बैठाना, अंगना म शिक्षा के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के चारों विकास विकास में SRG के रूप में एक दिवसीय प्रशिक्षण देना।

उनके ऐसे ही अनेकानेक कार्यों के कारण ही उन्हें राज्यपाल पुरस्कार के लिए चुना गया है। राज्यपाल पुरस्कारों की घोषणा होते ही सर्वप्रथम नंद कुमार IAS पूर्व शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ जो अभी वर्तमान में महाराष्ट्र मनरेगा विभाग/शिक्षा विभाग में है, साथ ही महाराष्ट्र के स्रोत व्यक्ति नीलेश घुगे ने अति प्रसन्नता जाहिर करते हुए फोन द्वारा ही बधाई का संदेश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, कंडरका के प्राचार्य राजेन्द्र झा ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए बधाई दिये है।

# सक्ती जिले में आवास मित्र के लिए 20 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन अटल नगर, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत विकासखण्डवार आवास मित्र या समर्पित मानव संसाधन 150 हितग्राहियों के लिए कलस्टर में 01 आवास मित्र / समर्पित मानव संसाधन÷ अस्थायी चयन हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 20 सितम्बर 2024 को अपरान्ह 5:30 बजे तक कार्यालय, परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला पंचायत जिला सक्ती (छत्तीसगढ़) के नाम से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा आवास मित्र / समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालय तथा कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला सक्ती के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट https://sakti.cg.gov.in/notice_category/भर्ती / पर देखा जा सकता है।






## कलेक्टर ने अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन कराए जाने के दिए निर्देश

सकती-कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा 15 सितंबर 2024 को आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए सक्ती जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए सुवास्थित परीक्षा आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए नियुक्त सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक जानकारी नोडल अधिकारी विश्वास कुमार द्वारा दी गई। प्राप्त जानकारी अनुसार छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 29 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा के पूर्व तैयारी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग की गयी। जिसमें परीक्षा संबंधी जानकारी विस्तारपूर्वक दी गयी।

15 सितंबर 2024, दिन रविवार को छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केन्द्र की पहचान एक दिन पूर्व कर लेने की अपील की गई है तथा सभी आवश्यक दस्तावेज (प्रवेश पत्र सह एक पहचान पत्र संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति) के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में पहुँचने की अपील भी की गयी है। इस अवसर पर तहसीलदार बाराद्वार श्री विद्याभूषण साव, तहसीलदार भीष्म पटेल, जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, सभी केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कच्ची अवैध महुआ शराब जब्त,सकती पुलिस ने बनाया आबकारी का मामला

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना सक्ती जिला-सक्ती केअपराध क्रमांक 332/2024धारा 34(2) आबकारी एक्ट 5.5 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध जुओं सट्टा शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही के दिये गये निर्देश के परिपालन में थाना सक्ती प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात कर सूचना प्राप्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनाँक 07/09/2024 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम जाजंग निवासी दिलेश्वर कुर्रे अपने घर के सामने अधिक मात्रा में महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के मुखबीर के बताये स्थान में जाकर रेड कार्यवाही किया जो एक व्यक्ति महुआ शराब रखे रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम दिलेश्वर कुर्रे पिता स्व अनंद राम कुर्रे उम्र 38 वर्ष निवासी जांजग थाना सक्ती जिला सक्ती का निवासी होना बताया जिसके कब्जे से एक पांच लीटर क्षमता वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन में भरी हुई करीबन 5 लीटर एवं 03 पाउच सफेद रंग के पालीथीन में भरी हुई करीबन 0.5 लीटर कुल जुमला 5.5 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 550? को अपने कब्जे में रखें मिला जिसे शराब रखने के संबध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिया जो आरोपी द्वारा कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नही होना बताया जिससे आरोपी दिलेश्वर कुर्रे से उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया है।



# धोखे को रिश्ते के लिए बड़ा खतरा मानती हैं शरवरी वाघ

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ ने इस साल काफी धमाल मचाया है। वह इस साल अब तक मुंजा, महाराज और वेदा में नजर आ चुकी हैं। हॉरर कॉमेडी मुंजा की सफलता ने उन्हें इस वक्त नवोदित और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। अभिनेत्री इस वक्त आलिया भट्ट के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक्शन-थ्रिलर अल्फा के लिए तैयारी कर रही हैं। फिल्मों के अलावा वह अपनी लव लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। बीते कुछ समय से अभिनेत्री के सनी कौशल को डेट करने की अफवाहें काफी जोर पकड़ रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने रिलेशनशिप को लेकर एक खास बात कही है। शरवरी तमाम अफवाहों के बाद भी अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर चुप ही रहती हैं। हाल में ही उन्होंने रिलेशनशिप में जरूरी चीजों के बारे में बात करते हुए कहा कि किसी भी रिश्ते में धोखा देना एक ऐसा कारक है, जिसके बाद फिर किसी भी तरह की बातचीत नहीं की जा सकती। फिल्मफेयर के साथ एक नए इंटरव्यू के दौरान, शरवरी वाघ से उनके रिश्ते को लेकर ऐसी बातों के बारे में पूछा गया, जिन्हें वो कभी नजरअंदाज नहीं कर सकती। इस पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि धोखा एक ऐसी चीज है, जिसे वह रिश्तों में एक बड़ा खतरा के तौर पर देखती हैं। अभिनेत्री ने इस दौरान कहा कि वह इन सब चीजों को लेकर पहले से तय करने में विश्वास नहीं करती कि क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आदर और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है, फिर चाहे वे डेटिंग कर रहे हों या नहीं। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि धोखा देना किसी रिश्ते में एक बड़ा खतरा होगा,क्योंकि यह मेरे लिए अनादर से जुड़ा है। अगर मैं कभी डेटिंग करती हूं, तो धोखा देना मेरे लिए एक ऐसी चीज है, जो निश्चित रूप से एक मुद्दा होगी। इस दौरान अभिनेत्री से जब उनकी डेटिंग लाइफ के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उनके पास चर्चा करने के लिए कोई प्रेम कहानी नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने जीवन में दो पुरुषों को डेट किया है, जिन्हें उन्होंने मजेदार लड़के कहा है। शरवरी ने इसमें जोड़ते हुए कहा कि उन्हें रिलेशनशिप में होने के कारण वो आकर्षक लगे। अल्फा अभिनेत्री ने आगे कहा कि उनके लिए लव लाइफ में हंसी-मजाक एक महत्वपूर्ण कारक है। सनी कौशल के साथ अपने रिश्ते की अफवाहों के बावजूद अभिनेत्री ने खुद को सिंगल बताया है।



## कंगना रणौत की नई फिल्म का एलान, भारत भाग्य विधाता में दिखेगी गुमनाम नायकों की कहानी

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं इस बीच अब अभिनेत्री की नई फिल्म पर भी अपडेट सामने आ गया है। इमरजेंसी के बाद अभिनेत्री एक और नई फिल्म में नजर आएंगी, जिसका नाम भारत भाग्य विधाता है। यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट मिलकर बबीता आशिवाल और आदि शर्मा की पहली फिल्म भारत भाग्य विधाता का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

कंगना रनौत अभिनीत यह फिल्म हमारे देश को आकार देने वाले ब्लू-कॉलर मजदूरों और कामकाजी वर्ग के जीवन पर आधारित है। यह उन गुमनाम नायकों को उजागर करती है, जिनके प्रयास महत्वपूर्ण हैं लेकिन अक्सर पहचाने नहीं जाते। निर्माताओं ने अभिनेत्री से इसलिए संपर्क किया, क्योंकि वे अपरंपरागत प्रोजेक्ट चुनने और अनसुनी कहानी सामने रखने के लिए जानी जाती हैं। यह फिल्म कंगना को एक बार फिर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका देगी।

फिल्म और विज्ञापन उद्योग के दिग्गज मनोज तापड़िया भारत भाग्य विधाता का लेखन और निर्देशन कर रहे हैं। वरू लोगों के दिलों को छूने वाली कहानियां बताने के लिए उत्साहित है। फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा।

आशिवाल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर काम करने का अनुभव वाकई संतोषजनक रहा। उनका पहला लक्ष्य ऐसी सामग्री बनाना है, जिसके बारे में लोग सोचना बंद न कर सकें। उनका मानना है कि कंगना की यह फिल्म हिट होगी।

आदि शर्मा ने कहा कि भारतीय सिनेमा का भविष्य उच्च गुणवत्ता वाली और विचार करने वाली फिल्मों के निर्माण में निहित है। कंगना अभिनीत इस फिल्म को बनाने का उनका लक्ष्य दर्शकों के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव बनाना था, जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे होगा। उन्होंने कहा कि सफल बॉक्स ऑफिस रिलीज का भविष्य भारी कंटेंट वाली फिल्मों पर निर्भर करता है। भारत भाग्य विधाता यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट की शुरुआत है।



## सिद्धार्थ ने शूटिंग से एक महीने पहले छोड़ी मिट्टी

सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के सफल अभिनेता हैं। उनकी हर एक फिल्म का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ ने फिल्म मिट्टी करने के लिए अब साफ इनकार कर दिया है, वहीं यह अफवाहें भी हैं कि सिद्धार्थ रेस 4 में सैफ अली खान के साथ एक्शन करते नजर आ सकते हैं। सहायक निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले बलविंदर सिंह जंजुआ ने 2002 की फिल्म शहीद से अपने निर्देशन की शुरुआत की थी। इसके अलावा उन्होंने 2010 में गुरदास मान, जोनिता, गौरव कक्कड़ अभिनीत पंजाबी ड्रामा चक जवाना के साथ एक निर्माता और लेखक के रूप में अपनी शुरुआत की थी। अब वह जल्द ही फिल्म मिट्टी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में जहां पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा अहम किरदार निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग आज से ठीक एक महीने बाद शुरू होने वाली है, लेकिन अब जब सिद्धार्थ ने फिल्म से अपना पलड़ा झाड़ दिया है तो निर्देशक और निर्माता को अब फिल्म के लीड एक्टर के तौर पर किसी और अभिनेता की तलाश करनी होगी। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ का एकदम से फिल्म छोड़ दोनों के बीच क्रिएटिव मतभेद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ का यूं अचानक फिल्म छोड़ने की वजह अस्पष्ट हैं, जिसमें निर्देशक के साथ रचनात्मक मतभेद और स्क्रिप्ट को भी एक वजह बताई जा रही है।



## इमरजेंसी विवाद पर गिप्पी ग्रेवाल ने दी प्रतिक्रिया

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट टल चुकी है। कंटेंट की वजह से यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस बीच पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर सितारे गिप्पी ग्रेवाल और गुरप्रीत सिंह घुग्गी ने पूरे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।**

फिल्म इमरजेंसी की रिलीज टलने के बाद अब पंजाबी अभिनेता गुरप्रीत सिंह घुग्गी और गिप्पी ग्रेवाल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म को एजेंडे के साथ नहीं बनाना चाहिए और न ही सिनेमा का दुरुपयोग किया जाना चाहिए।

गिप्पी ने कंगना की फिल्म पर कही यह बात वहीं, गिप्पी ग्रेवाल ने इमरजेंसी पर बात करते हुए अपनी फिल्म का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, हम लोग नियमित रूप से गुरुद्वारों में जाते हैं और फिल्में भी बनाते हैं। फिल्म बनाने से पहले और इसके पूरा होने के बाद भी हमने मंजूरी के लिए तख्त श्री हजूर साहिब में पटकथा प्रस्तुत की थी। गिप्पी ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने किसी भी गलत बयानी से बचने के लिए धार्मिक संगठनों से प्रतिक्रिया मांगी। उन्होंने कहा, शूटिंग के बाद, उन्हें पूरी फिल्म दिखाई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शब्दावली, शूटिंग का तरीका या कुछ और कोई आपत्ति तो नहीं है। उन्होंने पहले हमें एनओसी दी और उस एनओसी के साथ, हमने अपनी फिल्म सेंसर बोर्ड को सौंप दी। अभिनेता ने कहा, अगर आपने किसी विषय पर होमवर्क नहीं किया है, तो आपको पहले पूछना चाहिए। होमवर्क किए बिना और अपने दृष्टिकोण से कुछ बनाने से निश्चित रूप से आपत्तियां होंगी।



## प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी में नजर आएंगे अक्षय कुमार

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार कई फिल्में लगातार कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात की उनकी एक भी फिल्म इस साल बॉक्स ऑफिस पर टिक नहीं पाई। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षय जल्द ही एक धमाकेदार हॉरर-कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे, जिसका फर्स्ट लुक 9 सितंबर को उनके जन्मिदन के शुभ अवसर पर जारी किया जाएगा। अक्षय कुमार की इस साल सरफिरा, बड़े मियां छोटे मियां और खेल खेल में रिलीज हुई, लेकिन अफसोस की बात की इन तीनों ही फिल्मों को बॉक्स ऑपिस पर कोई खास सफलता हासिल नहीं हुई। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय जल्द ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि हाल ही में अक्षय ने फिल्म स्त्री 2 में एक कैमियो किया था, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आया था।

अक्षय लगातार कई फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। अब वह जल्द ही एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। बता दें अक्षय कुमार और प्रियदर्शन इस फिल्म में साथ काम कर रहे हैं और इस फिल्म का पहला मोशन पोस्टर 9 सितंबर को जारी किया जाएगा। वो इसलिए क्योंकि 9 सितंबर को अक्षय का जन्मदिन होता है। इस साल अक्षय 9 सितंबर को अपना 57वां जन्मदिन मनाएंगे और साथ ही में अपने प्रशंसकों को अपनी नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म का फर्स्ट लुक भी साझा करेंगे।



## खेल खेल में के बाद अब इस फिल्म में दिखेंगे फरदीन खान

फरदीन खान की नई फिल्म खेल खेल में बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। इसी बीच फरदीन खान की नई फिल्म भी दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। फरदीन खान जल्द ही विस्फोट फिल्म में नजर आएंगे। इसमें रितेश देशमुख भी अभिनय करेंगे। विस्फोट 6 सिंतबर को रिलीज होगी, इसे जियो सिनेमा पर रिलीज किया जाएगा। विस्फोट का निर्देशन बिग बुल बनाने वाले कूकी गुलाटी ने किया है। मालूम हो कि फरदीन खान ने 2024 में वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार से कमबैक किया था।



# मैं 3 साल तक बिस्तर पर रहा, 23 सर्जरी हुई, डॉक्टर ने कह दिया था- मैं कभी चल नहीं पाऊंगा

पिछले तीन दशकों में पैन इंडिया स्टार चियान विक्रम ने अपने करियर और निजी जीवन में इतने उतार-चढ़ाव देखे कि उनका असली जीवन भी किसी फिल्मी कहानी की तरह रहा। कड़े संघर्ष और दुर्घटना के बाद तीन साल तक बेड रिटर्न रहने वाला इस अदाकार ने हार न मानी। दक्षिण इंडस्ट्री में कई जानी-मानी फिल्में दे चुके विक्रम को हिंदी दर्शक अपरिचित और आई से अपना चुके हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म तंगलान से, उनसे एक बातचीत।

**एक समय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में साउथ और बॉलिवुड एक्टर को अलग-अलग माना जाता था, मगर अब पैन इंडिया स्टार कहा जाता है। इस बदलाव को आप कैसे देखते हैं?**

मुझे नहीं पता, इस पर क्या कहूं। अगर फिल्म पूरी इंडिया में अच्छा बिजनेस करती है, तो उसे पैन इंडिया मूवी ही कहलाएगी न और उसके कलाकार पैन इंडिया कलाकार होंगे। मुझे तो लगता है कि ये बहुत अच्छा दौर है। अब भाषा कोई मायने नहीं रखती। आप किसी भी भाषा में फिल्म करें, अगर वो लोगों से कनेक्ट करती है, तो फिर वो सफल फिल्म है।

**तकरीबन दो दशक पहले आई आपकी फिल्म अपरिचित ने आपको हिंदी दर्शकों का प्रिय बना दिया था। वो अभूतपूर्व प्रतिक्रिया आपके लिए कैसी थी?**

मेरे लिए वो अद्भुत था। एक कलाकार को क्या चाहिए होता है? दर्शकों से प्यार और स्वीकारोक्ति। मुझे याद है आंध्र प्रदेश में फिल्म हिट हो गई थी,मैं एयरपोर्ट पर था मुंबई के और वहां लोग मुझे देख रहे थे, पहचान रहे थे और उस वक्त मैं बहुत ही अभिभूत हो गया, मुझे लगा ओह माय गॉड मुंबई के लोग मुझे पहचान रहे हैं। किसी ने मुझसे कहा कि आप बहुत बड़े स्टार हैं, तो उस जमाने में ये सुनकर बहुत ही सुखद अहसास हुआ था। फिर बाद में जब मैं फ्रांस गया और वहां भी लोगों ने मुझे पहचाना, तो मैं बहुत ही खुश था। मेरे कहने का मतलब है कि एक कलाकार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचना चाहता है और जब पहुंचता है, तो उसे एक अलग तरह की खुशी मिलती है।

**आपके संघर्ष की कहानियों को अनगिनत लोगों को प्रेरणा दी है? सबसे ज्यादा रफ फेज क्या था?**

मैं स्कूली दिनों से ही एक्टर बनने के सपने देखने लगा था। मैं अपने कॉलेज के नाटक की तैयारी कर रहा था कि तभी मेरा एक एक्सीडेंट हो गया। मुझे तीन साल तक बिस्तर पर रहना पड़ा और मेरी 23 सर्जरी हुई। मुझसे कहा गया कि मैं कभी चल नहीं पाऊंगा, मगर उसी डॉक्टर ने पांच साल बाद मुझे चलते हुए देखा, तो वो हैरान रह गया था। असल में जब मैंने नाचे मयूरी फिल्म देखी, तो मुझे लगा कि सुधा चंद्रन एक पैर खोने के बावजूद नृत्य और अभिनय कर सकती हैं, तो मैं भी कर सकता हूं। उसके बाद भी मेरी जिंदगी में दस साल का स्ट्रगल रहा, जब मैं डबिंग आदि किया करता था। मगर आज मैं अभिनय, डांस और एक्शन सभी कुछ कर सकता हूं। मुझे लगता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, जहां तक भी पहुंचा हूं, उसी हादसे और संघर्ष के कारण पहुंचा हूं।

**बॉलिवुड में ऐसे कौन-से निर्देशक हैं, जिनके साथ आप काम करना चाहते हैं?**

मैं तो सभी के साथ काम करना चाहूंगा, मगर विशाल भारद्वाज एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके साथ काम करने की बहुत चाह है। मेरे पास उनका नंबर भी है। मैंने उनको कॉल किया था, मगर उन्हें लगा कि कोई प्रैंक कॉल है। विशाल के क्रेजी सब्जेक्ट और उनका संगीत मुझे बहुत आकर्षित करता है। राजकुमार हिरानी का काम मुझे बहुत भाता है। मैं उनके निर्देशन में भी अभिनय करना चाहूंगा।

**आपकी हालिया फिल्म तंगलान में आप कोलार फील्ड्स के इतिहास पर आधारित एक प्राचीन किरदार में हैं। इसे निभाते हुए आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

पूरा प्रोसेस बहुत मुश्किल था। मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। चूंकि फिल्म के निर्देशक पा रणजीत हैं। मैंने उन पर पूरा विश्वास किया इस रोल और लुक को लेकर। जिस तरह का फिल्म को रिस्पॉन्स मिल रहा है और लोग तारीफ कर रहे हैं, तो उसे देखते हुए लग रहा है कि ये बहुत ही खूबसूरती से ट्रांसलेट हुआ है। मैं अगर कहूं कि ये मेरे करियर का अब तक का शारीरिक और मानसिक रूप से सबसे ज्यादा मुश्किल रोल था, तो गलत न होगा। ये मेरे लिए आध्यात्मिक रूप से भी चैलेंजिंग था, क्योंकि इस किरदार के जरिए मैं एक समुदाय के संघर्षों की बात कर रहा था। इस फिल्म के जरिए एक बात मैं महसूस कर पाया कि एक अदाकार के रूप में मैं और ज्यादा ग्रो हो रहा हूं और इस तरह की मुश्किल भूमिकाएं मैं और करना चाहूंगा।

# मेडिकल फर्जीवाड़ा में दोषी करार हुए दीपक ठाकुर, अब होगा एफआई आर

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल कवर्धा में घटित बहुचर्चित तथा अब तक के ज्वलंत मेडिकल प्रणाम पत्र फर्जीवाड़ा मामले में दोषी पाए गए जिला चिकित्सालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 03, दीपक ठाकुर को निलंबित कर विभागीय जांच करने स्वास्थ्य संचालक ने आदेश जारी किया है। आदेश में जाँच उपरांत थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर की गई कार्रवाई से अवगत करने का भी स्पष्ट उल्लेख संचालक ने किया है। स्वास्थ्य संचालक ने मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में दोषी दीपक ठाकुर के कृत्यों को अत्यंत गंभीर प्रवृत्ति का बताते हुए सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत निलंबित कर विभागीय जांच करने व पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने आदेशित किया है। उपरोक्त मामला कबीरधाम जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए अब तक के बड़े और अत्यंत गंभीर कृत्य को उजागर करता है, निलंबन पश्चात जाँच की सुई अगर अटकी तो समझिये आरोपी को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। सीएमएचओ अब तक दीपक सिंह ठाकुर को निलंबित नही किये हैं और न ही विभागीय जांच समिति गठित किया है। ऐसा कर उन्होंने स्वास्थ्य संचालक के आदेश का घनघोर उल्लंघन किया है। यहाँ बताना लाजिमी होगा कि स्वास्थ्य संचालक के पत्र 26/04/2023 के परिपालन में सीएमएचओ ने 04/05/23 को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित किया गया और 15/05/23 को समिति का जांच रिपोर्ट प्राप्त होना बताते हुए आदेश जारी किया गया है। विचारणीय बात है जब सीएमएचओ को 15/05/23 को जांच रिपोर्ट मिल गया तो 05/06/2023 को जाँच के लिए आरोप पत्र क्यों दिया गया। और समिति ने 27/07/2023 को जांच में उपस्थित होने दीपक सिंह ठाकुर को नोटिस क्यों दिया। बहरहाल सूत्रों की माने तो तीन सदस्यीय जांच समिति ने न कोई जांच किया है और न ही अपना जांच रिपोर्ट दिया है। समिति के जांच रिपोर्ट के बिना ही सीएमएचओ का कार्यवाही आदेश देना मामले में लीपापोती कर दोषी को बचाने की ओर इशारा करता है। मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में आज दिनांक तक दीपक सिंह ठाकुर को न सस्पेंड किया गया है और न ही विभागीय जांच हुआ है। अलसफा फर्जीवाड़ा का मुख्य आरोपी दीपक ठाकुर के प्रभार मेडिकल बोर्ड शाखा से मार्च 2021 में कलर ब्लाइंड अनफिट दो नव आरक्षकों को नेत्र सहायक अधिकारी के फर्जी दस्तखत करके फिट मेडिकल प्रमाण पत्र दिया गया था। यहाँ ये बताना बेहतर होगा कि मामले में कवर्धा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफ आई आर नम्बर 0255/2021 पंजीबद्ध किया गया है साथ ही नव आरक्षकों को तत्कालीन पुलिस अधिकारी ने तत्काल बर्खास्त भी कर दिया था, किन्तु फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला अब तक कार्यवाही से बचा हुआ है। जो संचालक के सख्त आदेश के बाद अब विभागीय कार्रवाई से नतीजे जल्द ही न्यायसंगत होंगे।

# जिले में चलाया जा रहा है भाजपा का सदस्यता अभियान
## टी. ज्योति पार्षद ने अब तक बूथ में 203 सदस्य बनाया

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला महामंत्री चेमन देशमुख, महामंत्री जयेश ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार जिले में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे दल्लीराजहरा की टी. ज्योति पार्षद ने अब तक बूथ में 203 सदस्य बनाया है। भाजपा सदस्यता अभियान 2024 का मूल लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है भाजपा एक बार फिर बड़े पैमाने पर अपना सदस्यता अभियान शुरू कर रही है इसका राष्ट्रव्यापी अभियान 1 सितंबर से शुरू हुआ है इस दौरान भाजपा ने 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद पांडे को सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में सोमवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में सदस्यता 8800002024 नंबर में कॉल कर सदस्यता ली भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का कहना है कि हर 6 साल में होती है पार्टी में मेंबरशिप रिन्यू कर नए सिरे से सबको फिर से पार्टी का सदस्य बनाया जाता है भाजपा का लक्ष्य हर बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाना है। टी. ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि कि अभी तक मेरे बूथ में 203 सदस्य बन चुके है आगे सदस्यता अभियान जारी रहेगा ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा में सदस्य जोड़ने का मेरा लक्ष्य है। भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान में सदस्य बनने के लिए जनता काफी उत्सुक है भाजपा सदस्यता अभियान 2024 का मूल लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक अवश्य पूरा होगा।

# शाला गांधी विद्या मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

गांधी विद्या मंदिर उच्चतर. माध्यमिक. विद्यालय में 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस का पर्व, माँ सरस्वती, छतीसगढ़ महतारी और डॉ. राधाकृष्णन जी की पूजा अर्चना कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक दिवस समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका थे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे वीरेन्द्र भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश सिन्हा पार्षद वार्ड नं. 14, रेखूराम साहू सुपरवाइजर स्वास्थ्य विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवराज साहू अध्यक्ष शाला संचालन समिति व शाला की प्राचार्या मंजू गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन शाला की छात्रा कु. पायल सांवलकर और हिमानी धावड़े ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीबू नायर ने अपने उदबोधन में डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए शाला के सभी शिक्षकों को बधाई दिये एवं गुरु की महिमा और गौरव का ज्ञान शाला के छात्रों को दिया। नायर ने शिक्षा के मंदिर को सुविधाजनक बनाने लिए नगर पालिका अध्यक्ष निधि द्वारा शाला के कमरों का अहाता निर्माण कर जीर्णोद्धार कराने का कार्य जल्द से जल्द कराने की घोषणा की। उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र भारद्वाज ने सभी शिक्षकों का अभिवादन कर उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में कैसे शिक्षकों का निःस्वार्थ योगदान होता है ये छात्रों को बताया। उद्बोधन की अंतिम कड़ी में शाला संचालन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू ने शाला के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों की तुलना दीपक से की जैसे दीपक स्वयं जलकर अपने चारों ओर प्रकाश का उजियारा करते हैं ठीक वैसे ही शिक्षकगण भी स्वयं तपकर विद्यार्थियों और समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। शिक्षक ही ऐसे निर्माणकर्ता है जो छात्रों के माध्यम से देश दुनिया के सफल व्यक्तित्व वाले नागरिकों का निर्माण करते है। शिक्षकों का समाज और राष्ट्र निर्माण मे महत्वपूर्ण योगदान होता है। वे न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण भी करते हैं। शिक्षक छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन देते हैं, उनमें नैतिक मूल्यता, अनुशासन, व आत्मविश्वास का विकास करते हैं। शाला के सभी उपलब्धियो को याद कराते हुए इस सफलता का श्रेय उन्होंने यहां के शिक्षकों को दिया एवं उनके अतुलनीय योगदान के लिए सभी शिक्षकों का आभार प्रकट किया। तथा अंत मे उन्होंने सभी अतिथियों द्वारा हमारी शाला के प्रति अपना सहयोग रूपी योगदान देने के लिए उनका भी आभार प्रकट किया। तत्पश्चात शाला संचालन समिति और पालक शिक्षक समिति द्वारा प्रदत सम्मान स्वरूप भेंट, मुख्य अतिथि शीबू नायर, रेखूराम साहू, वीरेन्द्र भारद्वाज, चंद्रप्रकाश सिन्हा एवं शाला संचालन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू के कर कमलों द्वारा शाला के सभी शिक्षकगणों को सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विशिष्ट योगदान हेतु शाला की वरिष्ठ शिक्षिका बी. के. सार्वा को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षक सम्मानोत्सव उपरांत शाला की वार्षिक परीक्षा एवं अन्य शालेय गतिविधियों में प्रावीण्य स्थान प्राप्त छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। इनके अतिरिक्त शाला के वाहन चालक रमेश कुमार एवं शाला के भृत्य पुष्पा बाई, मोहिनी बाई और हेमलता बाई को भी सम्मानित किया गया।

# अधोसंरचना मद में स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन सांसद विजय बघेल ने किया

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 जंजगिरी स्थित मां परमेश्वरी सामुदायिक भवन में अधोसंरचना मद में स्वीकृत तीन करोड़ चौदह लाख से नगर के विभिन्न वार्डों में तालाब सौंदर्यी करण, पहुंच मार्ग पर सी सी सड़कों का निर्माण, नवीनीकरण नये नाली निर्माण, नाली नवीनी करण, भवन निर्माण कार्य किए जाने हेतु दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल भूमि पूजन करने पहुंचे। कार्यक्रम में विलम्ब होने पर भी अपने प्रिय सांसद का स्वागत करने तथा उनका सम्बोधन सुनने के लिए आतुर जनों ने भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम सांसद विजय बघेल ने स्वीकृत किए गए कार्यों के लिए भूमि पूजन स्थल पर पहुंच कर पंडित के मंत्रोच्चार से भूमि पूजन किया एवं गैंती से खनन कार्य शुभारम्भ किया। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित हो कर नगर वासियों का अभिवादन स्वीकार किया। मंच पर सर्वप्रथम भाजपा मंडल कुम्हारी अध्यक्ष राजू निषाद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत किया। इस क्रम में मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी कुम्हारी नेतराम चंद्राकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी लोकेश साहू ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पार्षदों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत सम्मान किया। सांसद ने अपने उद्बोधन में आभार प्रकट करते हुए कहा कि देवतुल्य आप सभी के आशीर्वाद स्वरूप भारी मतों से भाजपा को विजयश्री प्राप्त हुई। विकास के जो भी कार्य अब तक पूर्ववर्ती सरकार की अन देखी के कारण रुके हुए थे, विशेष रूप से भाजपाई पार्षदों के वार्ड, अब बिना किसी भेद भाव के नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य करवाए जाएंगे इसमें कोई संदेह नहीं है। अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रमों के कारण विलम्ब से आने तथा वर्षा के व्यवधान उत्पन्न होने के उपरांत भी लोगों ने उत्साह से सांसद विजय बघेल को सुना और समापन तक डटे रहे। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तत्परतापूर्वक अपने दायित्वों पालन करते हुए उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# तीजा का पर्व छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्व : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



गणेश चतुर्थी व तीजा त्यौहार के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नवजागरण गणेश उत्सव समिति उतई डूमरडीह में फुलेरा दर्शन एवं रात्रि कालीन आकर्षण मोर मयारू मानस मंडली ग्राम गुदगुदा जिला धमतरी की मनमोहक प्रस्तुति के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने सभी तीजहारिन बहनों को शुभकामनाएं दी। तीज के पावन पर्व पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर विधायक चन्द्राकर ने क्षेत्र की कामना किया। इस दौरान विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि तीज का त्यौहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। तीजा का पावन पर्व हमारी मातृशक्ति की अपने परिवार के प्रति समर्पण और स्नेह का प्रतीक है, जब वे निर्जला उपवास रख, भगवान शिव-माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस विशेष अवसर पर, माता गौरी-भगवान शंकर से प्रार्थना है कि आप सभी हमेशा खुश रहें, स्वस्थ रहें और आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहे। विधायक चन्द्राकर ने आगे कहा, डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से डबल विकास हो रहा है, मोदी के तीसरे कार्यकाल और विष्णु सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में आम लोगों के सुविधाओं के लिए तेज गति से काम हो रहा है विकसित भारत के लिए विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा हैं। तीजा पोरा के त्यौहार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन की किस्त जारी कर सभी बहनो को तीजा का उपहार दिया है, तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार को विशेष और अविस्मरणीय बना दिया।

# एथेनाल प्लांट के विरोध में व्यापारियों ने दिया समर्थन बंद रहे रांका कठिया की दुकानें



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रांका और पथर्रा में गांव के बीच कृषि भूमि में एथेनाल और पावर प्लांट लगाने के विरोध में रांका में आसपास के तीस गांवों के लोगों के द्वारा विशाल महापंचायत का आयोजन रखा गया। जिसके समर्थन में रांका और कठिया के समस्त व्यापारियों ने रविवार को अपनी दुकानें बंद रख कर इस महापंचायत को समर्थन किया गया। रविवार को सुबह से ही इथेनॉल प्लांट के विरोध में गांव के विभिन्न गांव के लोगों के द्वारा द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई इसके साथ ही सबसे बंद के समर्थन करने का अपील भी ध्वनि विस्तारित केंद्र के माध्यम से किया गया, वही समर्थन में एक महापंचायत का आयोजन कर धरना प्रदर्शन कर किया गया जिसमें इथेनॉल के फैक्ट्री लगने से होने वाली परेशानी के बारे में लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया गया। जिसमें सेवानिवृत्ति डीएसपी सत्येंद्र पांडे बिटकुली के प्रमील तिवारी पूर्व सरपंच रांका के जितेन साहू पूर्व सरपंच घना निषाद बेमेतरा जनपद पंचायत सदस्य सिद्दीकी खान बासनी के अजिताभ मिश्रा साहू समाज के अध्यक्ष नरेश साहू दीपक यादव सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये इसके बाद बेरला के तहसीलदार शुक्ला को धरना स्थल पर ही ज्ञापन सौंपा गया विचार व्यक्त करने वाले लोगों ने शासन प्रशासन द्वारा उद्योग के हित को सर्वोपरी मानते हुवे ग्रामीण किसान जनता की आवाज को दबाने हर तरह की युक्ति अपनाए जाने से किसानों में भारी आक्रोश पनप की बात कही इन लोगों का कहना था कि बीते दो तीन माह से इसके लिए गांव गांव में लगातार बैठके की जा रही है।रांका में जब से सुयश बायो फ्यूल के लिए भूमि के डायवर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है तब से लेकर तीन वर्षों से यहां के किसान विरोध कर रहे हैं।किसानों का कहना ये प्लांट निर्जन क्षेत्र में बंजर जमीन में लगने वाला प्लांट है। इस क्षेत्र में भैंसा में संचालित प्लांट की भयंकर बदबू और प्रदूषण ने आग में घी डालने का काम कर रही है।इस क्षेत्र के लोग लगातार भैंसा गांव में संचालित प्लांट से होने वाली बदबू और प्रदूषण का अवलोकन कर रहे है।भैंसा और उसके आसपास के गांव के ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद उनकी परेशानी सुनने और स्थल का मुआयना करने के बाद इस क्षेत्र की जनता में शासन प्रशासन के प्रति भयंकर आक्रोश पनप रहा है।और उसी की परिणीति स्वरूप महापंचायत का आयोजन रखा गया।

# रिसाली निगम की पहचान सुंदर व अच्छे निकाय के रूप में होगी : अरुण साव
## विभिन्न विकास कार्यों की रखी नीव, भक्त माता कर्मा चौक का किया उद्घाटन





पायनियर संवाददाता उतई/रिसाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश में नगर पालिक निगम रिसाली को बेहतर बनाऐंगे। इसकी गिनती और सुंदरता अच्छे निकाय के रूप में होगी। इसके लिए रूपए की कमी होने नहीं देंगे। यह बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव ने कहीं। उन्होंने वार्ड 30 में 15 लाख से चैक सौन्दर्यीकरण के तहत बनाए भक्त माता कर्मा चौक का लोकार्पण किया। वहीं 14 करोड़ 26 लाख 18 हजार से होने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 करोड़ से अधिक की राशि का विकास कार्य महज 8 माह के कार्यकाल का परिणाम है। उन्होंने सरकार की उपलब्धी गिनाते हुए कहा कि किसानों को अंतर की राशि को उनके खातों में सरकार बनने के 12 दिन बाद ही डाल दिया। किसान अंतर की राशि को भूल गए थे। इसी तरह गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति का कार्य लगातार चल रहा है। उप मुख्यमंत्री से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि यहां की जनता उनसे बेहद स्नेह करती है। यही वजह है कि वे दूसरी बार सांसद होकर उनके बीच खड़े है। सांसद ने नगरीय प्रशासन मंत्री से आग्रह किया कि रिसाली निगम की मांगों को वे प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक राशि स्वीकृत करें। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा के दीपक साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे व तहसील, जिला एवं प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापित आयुक्त मोनिका वर्मा ने की।

### 14 करोड़ 26 लाख, यह शुरूआत है

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि 14 करोड़ 26 लाख की राशि से होने वाले 171 विकास कार्य शुरूआत है। रिसाली में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने उप मुख्यमंत्री के साथ युवा मोर्चा में एक साथ कार्य करने का हवाला देते हुए कहा कि विकास को गति देने वे लगातार मुलाकात करते रहते है। नगरीय प्रशासन मंत्री उनकी हर योजनाओं को ध्यान से सुनने के बाद उसे क्रियान्वयन के निर्देश देते है। उन्होंने रिसाली के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे यहां विकास की नई गाथा लिखेंगे।

### महापौर ने मांगा ऑडोटोरियम

अतिथियों का स्वागत महापौर शशि सिन्हा ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी देते कही कि नया निकाय होने की वजह से संसाधन का अभाव है। यहां पेयजल के लिए टैंकर, 2 शव वाहन और ऑडोटोरियम की आवश्यकता है।

### समाज को 20 लाख

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव ने रिसाली स्थित कर्मा चौक पर प्रवेश द्वार के अलावा कर्मा भवन में मंच व अन्य विकास कार्य के लिए 20 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन कर्मा माता चौक का लोकार्पण है। कर्मा भवन में विकास के लिए स्थानीय पदाधिकारियों ने मांग की है।

### सांसद ने दिए स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम समापन से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वही सांसद को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने और विधायक को महापौर शशि सिन्हा ने स्मृति चिन्ह भेंट की।

### मंत्री की दो टूक

नगरी प्रशासन मंत्री अरूण साव ने उद्बोधन के दौरान कहा कि एक साथ 14 करोड़ से अधिक की राशि से 171 कार्य अलग-अलग वार्डो में होना है। उन्होंने आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि वे कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे।

# मनरेगा के निर्माण कार्यों गड़बड़ी, एसडीओ और तकनीकी सहायक को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com






कबीरधाम जिला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में भारी गड़बड़ियां हो रहा है। ज़िम्मेदार अधिकारियो के नियमित निरीक्षण का आभाव या फिर उनके सह कहने में कोई ऐतराज नहीं होगा। जिले में फर्जी हाजरी भरने की भारी शिकायत और बिना कार्य कराए राशि आहरण भी किया जाता है बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नही किया जाता। जिस समय रोजगार मूलक कार्य चलता है उस समय सक्षम अधिकारी दौरा पर भी नहीं जाते। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे आंगनबाड़ी भवन, खाद्य गोदाम निर्माण, मुक्तिधाम प्रतीक्षालय सहित विभिन्न ग्राम पंचायत में चल रहे अनेक कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत बचेड़ी, उदियाखुर्द और तालपुर के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम उड़ियाखुर्द में निर्माणाधीन खाद्य गोदाम में गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने पर आरईएस सहसपुर लोहारा एसडीओ और तकनीकी सहायक युंग चंद्राकर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सक्त निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता से होना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने कहा कि सभी निर्माण कार्य मनरेगा के दिशा-निर्देशों और निर्धारित रूप रेखा के अनुसार हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए इन योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से होना चाहिए, ताकि स्थानीय लोगों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने नागरिक सूचना फ्लक को निर्धारित स्थान पर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर महोबे ने मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत बनाए जाने वाले सभी परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ ही नागरिक सूचना फलक अनिवार्यता बनाया जाए जिससे कि निर्माण कार्यों की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्राप्त होती रहे। कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यों में नियोजित श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश संबंधितो को दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के अतिरिक्त सहायक परियोजना अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा योजना जिला पंचायत कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा तकनीकी सहायक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्थानांतरण के बावजूद कार्यमुक्त नही

सप्ताह भर पहले 30 अगस्त दस तकनीकी सहायकों का जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्थानांतरण कर दिया है। जिसमे युग चंद्राकर का भी नाम शामिल हैं जिसे सहसपुर लोहारा से बोडला विकासखण्ड स्थानांतरित किया गया है, लेकिन इन्हें कार्यमुक्त नही किया गया है जबकि नियमानुसार तत्काल कार्य मुक्त किया जाना चाहिए।

## मशरूम की खेती

**मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती है, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ ह्दय और ह्दय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।**



# मशरुम उत्पादन तकनीकी

पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।



### भारत में मशरुम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछले कुछ वर्षो में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।

### आम वाईट बटन मशरूम

आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्रोरोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) = 150-180 डिग्री से; नमी= 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अत= 100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।



### ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ = प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्रोरोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचांई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचांई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

### आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

### टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

### एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

### कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिगनिन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्ट्रूटे को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अत=, इन सबस्टूट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

### स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

### कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्ग100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

### मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### उठयमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

### फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छप्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयत= सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

### प्रणाली

छत मोटे छापर की तहो अथवा वरीयत= सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छप्पर की छत्त से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छत आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयत= दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्ग2.5ङ्ग2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

### विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-डुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

### अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुन= स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

### आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकर खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

### यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

### उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुन= जलित किया जा सकता है।

### रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

### रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) = यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण =फॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

### कीट

मक्खियां =देखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण = फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी = ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण =घर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा = ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण = क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

### अन्य कीटाणु

5.कृन्तक = कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण =मशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।



## इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अत=जब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।



# चार पीढ़ियों के 40 सदस्यों ने एक छत के नीचे खाये नवान्न

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





अंचल के रोहिना एवं सागरपाली में भी नवाखाई का पर्व परंपरा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम रोहिना के कमलेश साहू ने बताया कि छोटे गौंटिया परिवार के चार पीढ़ियों के करीब 40 सदस्यों ने एक छत के नीचे नवा खाने की नई परंपरा की शुरुआत करते हुए एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह अंचल के कई गांवों में आज भी कई परिवार मिलकर एक साथ नवा खाने की परंपरा देखने और सुनने को मिलता है। इस साल का नवा एक साथ मिलकर खाने की पहल की गई जो सार्थक रही। बाकी दिन तो हम अपने घरों में अकेले खा लेते हैं मगर नवाखाई के दिन सहभोज का आनंद ही कुछ अलग है। परिवार के साथ मिल बैठकर खाने से ही इस पर्व की सार्थकता सिद्ध होती है। ग्राम सागरपाली निवासी एवं रोहिना शाखा सभापति वृंदावन साहू ने बताया कि उनके पहल पर उनके गांव में भी करीब 15-20 परिवार एक साथ नवा खाने की नई परंपरा की शुरुआत की है। विमल भाई ने बताया कि अलग अलग कुलदेवी को मानने वाले साहू, भोई एवं प्रधान परिवार के लोग एक स्थान पर नवा खाए जो एक मिसाल बन गया है। इस तरह से नवाखाई का पर्व आपसी बैर द्वेष की भावना को भूलकर प्रेम और सद्भाव के साथ रहने की सीख प्रदान करता है।

# स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाएं लोगों तक पहुंचाने विभाग सक्रिय

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वास्थ्य सुविधाएं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर पालीडीह, शहरी क्षेत्र और सेक्टर किलकिला का सेक्टर में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ने ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने के लिए कहा है।जिन लोगों का आयुष्मान आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उसका शत-प्रतिशत कार्ड बनवाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम को शिशु मृत्यु मातृ मृत्यु का पता लगते ही ऑडिट कर रिपोर्टिंग करने के लिए कहा गया है। कुष्ठ रोगियों का पहचान कर उनको दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा किया गया।

# शिक्षक पर शिक्षको एवं कर्मचारियो का किया गया सम्मान

## स्वयंसेवकों के द्वारा शिक्षक दिवस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

महान दार्शनिक शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को पूरे देश के शिक्षकों के सम्मान हेतु मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडेंल में राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन पर छात्र संघ एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारों एवं सदस्यों के द्वारा समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कुमारी किरण निषाद,अलमास नूरी, नारायणी, थनेश्वर चक्रधारी, सागर सोनकर आदि स्वयंसेवकों के द्वारा शिक्षक दिवस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। इसी कड़ी में पीएल सिन्हा शिक्षक, सुभाष साहू अध्यक्ष प्रबंधन एवं विकास समिति खरेंगा, अनीता वैद्य प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के द्वारा शिक्षक दिवस विषय पर विचार प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात छात्र संघ एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सम्मानित सदस्यों के द्वारा सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना लीडरप्रमुख व शाला नायक ललेद्र कुमार साहू, शेषनारायण साहू, टमेश्वरी ,देविका साहू, दुर्गा साहू, चक्रधरी छात्र-छात्राओं में भाग लेकर कार्यक्रम की सफल बनाने में सहायता की है। मंच संचालन थानेश्वर चक्रधारी एवं मार्गदर्शन शेषनारायण गजेंद्र रासेयो खरेंगा ने किया।

# झारखंड से भारी मात्रा में शराब लाकर बिक्री करने का आरोपी विक्रम साहू चढ़ा जशपुर पुलिस के हत्थे

## विक्रम साहू के विरूद्ध पूर्व में आबकारी एक्ट के अनेकों मामले थाना में दर्ज हैं



**इन्हें मिली सफलता**

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, स.उ.नि. सामुदान टोप्पो, प्र.आर. 343 मोहन बंजारे, प्र.आर. 619 मनोहर तिर्की, आर. 506 आनंद खलखो, आर. 539 सुरेन्द्रनाथ निराला, सै. 203 दुर्गा प्रसाद गौतम, सै. 200 बंधु राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जिला जशपुर के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा, एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

**शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक को मुखबीर से सूचना मिला कि विक्रम साहू जो ग्राम फरसा (थाना दुलदुला) का रहने वाला है, वह अपने घर में झारखंड राज्य का निर्मित अंग्रेजी शराब को भारी मात्रा में भंडारण कर रखा है, इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में टीम बनाकर जप्ती एवं गिरफ्तारी कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबीर के बतायेनुसार जगह विक्रम साहू के घर में जाकर गवाहों के समक्ष उससे अवैध शराब रखने के संबंध में पूछताछ करने के उपरांत तलाषी लेने पर 03 अलग-अलग थैला में झारखंड राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब मेकडॉवल नंबर-1 180 एम.एल. 19 नग, मेकडॉवल नंबर-1 375 एम.एल. 08 नग, बियर 650 एम.एल. 13 नग कुल 14.870 लीटर कीमती 10,370 /-रू. का मिलने पर जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में विक्रम साहू ने उक्त अवैध शराब को झारखंड राज्य से लाकर विक्रय करने के उद्देष्य से अपने पास रखना बताया है। आरोपी विक्रम साहू उम्र 26 साल निवासी फरसा थाना दुलदुला का कृत्य आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# एयरटेल ने कई आकर्षक लाभों के साथ सीमित अवधि के लिए फेस्टिव ऑफर्स लॉन्च किया

airtel

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी त्योहारों के जश्न में, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लॉन्च किए। यह ऑफर 6 सितंबर 2024 से 11 सितंबर 2024 तक केवल 6 दिनों के लिए वैध है, सीमित अवधि का फेस्टिव ऑफर्स ग्राहकों के लिए तैयार किये गए यह 3 विशेष पैक रु. 979, रु. 1029 और रु. 3599 पर कई लाभ देगा। यह पैक वॉयस, डेटा और ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवाओं के विशेष लाभों से भरे हुए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है।

# घर में नल का लगा कनेक्शन, दूर हुआ नाला जाने का टेंशन

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



पहाड़ी कोरवा हीरा बाई को वह दिन आज भी भलीभांति याद है,जब एक मटके पानी के लिए उन्हें घर से बाहर जंगल की ओर रूख करना पड़ता था। पानी की यह जद्दोजहद उन्हें इस तरह परेशान किया करती थी कि वह अपनी किस्मत को कोसते हुए कुछ दूर जंगल पर स्थित नाले में जाती थी और वहाँ से पानी लाकर घर का जरूरी काम निपटाती थी। एक दिन उसके गाँव से होकर पक्की सड़क बनी,लेकिन पानी के लिए उम्मीद लगाई हीरा बाई को पहले जैसे ही समस्याओं के बीच दिन काटना पड़ा। न पानी की व्यवस्था हुई, न नल का कनेक्शन मिला। वह अपने छोटे बच्चों को लेकर नाला जाती और वहीं खतरों के बीच नहलाती थी। अब जबकि घर के पास ही सोलर ड्यूल पम्प लग गया है और घर में ही नल का कनेक्शन मिल गया है तो पहाड़ी कोरवा हीरा बाई अपनी किस्मत को नहीं कोसती। वह कहती है कि नल कनेक्शन लगने और पानी घर पर आने से उसे नाला जाना नहीं पड़ता। घर पर ही नल से बहती धार से पानी मिल जाती है। इससे उसकी पानी को लेकर बनने वाली टेंशन दूर हो गई है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कोराई में रहने वाली पहाड़ी कोरवा हीरा बाई का बड़ा परिवार है। वर्षो से वे सभी जंगल के करीब रहते आए हैं। लंबे समय से नालों का पानी पीते आए इस पहाड़ी कोरवा परिवार को अपने घर के पास सोलर ड्यूल पम्प के माध्यम से नल लग जाने से बहुत राहत मिली है। पहाड़ी कोरवा हीरा बाई ने बताया कि घर के सभी सदस्य अब घर के नल से ही पानी पीते हैं। घर में अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी पानी उपयोग में आता है। उन्होंने बीते हुए दिनों की समस्याओं को बताते हुए कहा कि नल नहीं लगने से पहले उनकी जिंदगी कठिनाई के बीच कटती थी। सबसे ज्यादा समस्या पानी को लेकर ही बना रहता था। सुबह होते और शाम ढलने से पहले तक नालों का चक्कर काटना पड़ता था। बारिश के दिनों में नाले से पानी लाना और भी कठिन बन जाता था, क्योंकि नाला उफान पर होने के साथ पानी गन्दा भी हो जाता था। हीरा बाई ने बताया कि जब से सोलर पम्प लगा है उनके साथ ही गाँव के अन्य महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई है। उन्हें नल से साफ पानी मिलने के साथ नाले तक दौड़ नहीं लगानी पड़ती। उन्होंने जल जीवन मिशन से घरों तक पहुँचने वाले नल कनेक्शन और पानी की उपलब्धता को दूर दराज में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वरदान बताया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत रिक्त संविदा पदों पर आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विकास भवन प्रथम तल, सेक्टर-19 नार्थ ब्लाड्डक नवा रायपुर के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु जिलावार विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। योजनांतर्गत उपरोक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन का प्रारूप एवं विस्तृत विवरण राज्य की वेबसाईट www. cgstate. gov. in एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की वेबसाईट www.prd.cg. gov. in पर अपलोड किया गया है। साथ ही उक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी को जिले की वेबसाईट www. bemetara. gov. in पर देखा जा सकता है। संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला पंचायत स्तर के कुल 62 तथा विकासखण्ड स्तर के कुल 130, इस प्रकार कुल 192 संविदा रिक्त पदों की पूर्ति संविदा आधार पर किये जाने के लिए आवेदन संबंधित जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के नाम से दिनांक 18 सितंबर 2024 तक कार्यालयीन दिवस पर समय शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। (आवेदक एक से अधिक जिलों में एक ही पद में आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे। यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक जिले में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक के समस्त आवेदन स्वयमेव निरस्त माना जावेगा।

# भगवान बलराम जयंती के उपलक्ष्य में आज मनाया जाएगा किसान दिवस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान बलराम जी की जंयती के उपलक्ष्य में 9 सितम्बर को प्रदेश में किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। किसान दिवस का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय, रायपुर के कृषि मण्डपम में दोपहर 12:00 बजे प्रारंभ होगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रान्त के अध्यक्ष सुरेश चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहेंगे। किसान दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि'' विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी, प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि पर विषय विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि की संकल्पना, इसकी प्रविधि एवं इससे प्राप्त लाभों से अवगत कराया जाएगा। इस राज्य स्तरीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 2 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे। इसी दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में संचालित 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी बलराम जयंती-किसान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति में आदिकाल से ही कृषि में गौ उत्पादों जैसे गोबर और गौमूत्र का प्रयोग होता रहा है। गौ आधारित खेती रसायन एवं कीटनाशक मुक्त कृषि की वह पद्धति है जिसमें परम्परागत तरीके से प्रकृति के नियमों का अनुसरण करते हुए देशी पद्धति खेती के सिद्धांत को अपनाकर खेती की जाती है।

# कवर्धा जिले में चलेगा 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कवर्धा जिले में स्वास्थ्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने आपके द्वार आयुष्मान 9 सितम्बर से 23 अक्टूबर 2024 तक संचालित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं। कबीरधाम जिले में 74 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। बचे हुए लगभग 26 प्रतिशत राशन कार्डधारी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से चिन्हांकित दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं व आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों का निर्धारित सर्वे प्रपत्रानुसार सर्वे कर, सर्वे सूची में चिन्हांकित हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभांवित किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली**
**जिला - महासमुन्द (छ.ग.)**
Email id-cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./623 /न.पा.प./ लो.नि.वि./2024-25 सरायपाली, दिनांक 05.09.2024

// सूचना //

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत सिस्टम टेंडर क. 157596 को ई-निविदा एवं कायालयीन सूचना पत्र क्र. 590 दिनांक 29.08.2024 द्वारा मैन्युअल निविदा विभिन्न वार्डों में स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सरायपाली

# अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह सह उल्लास मेला संपन्न



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह एवं उल्लास मेला का आयोजन जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बेमेतरा के द्वारा सेजेस राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश चंदेल पूर्व विधायक व अध्यक्ष के रूप राजेन्द्र शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, नीतू कोठारी पार्षद, देव राम साहू पार्षद उपस्तिथ थे। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह एवं उल्लास मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने घुमतू जातियों के परिवारों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिये हैं, उन्होने आगे कहा की निरक्षरता को जड़ से समाप्त करने पर ही हम विकास की उचाइयों का छू सकते हैं एवं सुवृद्ध समाज की रचना कर सकते है। वही राजेन्द्र शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उत्बोधन में निरक्षरता समाप्त करने आयोजित उल्लास मेला में संकल्प लेना का आग्रह किया। उन्होने खुशी जाहिर कि बेमेतरा जिले ने अपने पहले ही चरण में अपन लक्ष्य को आसानी से तय करता नजर आ रहा है। इस अवसर पर कमल कपूर बंजारे जिला शिक्षा अधिकारी ने सबोधित करते हुये निरक्षरों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों के जज्बा का स्वागत किया और कहा कि देश का भविष्य ऐसे ही सकारात्मक रुख अपनाने वाले नौजवानों के कचे पर टिका है। उन्होने स्वयं सेवी शिक्षकों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का प्रतिवेदन पठन सहायक संचालक सुख सागर प्रसाद कोशले ने किया एवं संपूर्ण कार्यकमा की रुपरेखा प्रस्तुत की और उन्होने आश्वासन दिया कि बेमेतरा जिला शासन द्वारा तय समय के पूर्व अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। उक्त अवसर पर प्रमुख रुप से टेकचंद अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिल पंचायत बेमेतरा राजेन्द्र साहू बी.आर.सी. बेमेतरा, खोमलाल साहू बी.आर.सी.बेरला नरेन्द्र वर्मा डी.एम.सी धनंजय शर्मा ए.पी.सी. भूपेन्द्र साहू ए.पी.सी सुदेशा चटर्जी प्राचार्य, कविता बाजपेई प्राचार्य, बंजारे प्रधान पाठक कन्या पूमा बेमेतरा संहित सेजेस राठी कन्या उ.मा.वि. बेमेतरा संस्था के सभी स्टाफ संहित बड़ी संख्या में नागरिकगण व स्वयं सेवी शिक्षकगण व निरक्षर नागरिक गण भी उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार साहु पिता फिरतराम ग्राम केरा के द्वारा ग्राम केरा में अपने दादा समारू राम पिता बंठुलिया के मृत्यु दिनांक 20/04/1994 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 10/09/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
शिवरीनारायण

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार सिन्हा पिता हरिकिशन सिन्हा निवासी ग्राम थानखम्हरिया प.ह.न. 07 तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 442/3 रकबा 0.05 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 19/09/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
साजा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खीर कुमार सिदार पिता संतराम सिदार निवासी ग्राम सिरपुर तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वंय के नाना पूर्णचंद सिदार का मृत्यु दिनांक 08/03/2011 को ग्राम सिरपुर में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में जावेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 10/09/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त याक आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं व्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 25/08/2024

मुहर
नायब तहसीलदार
सरायपाली

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 16 सितम्बर 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 04.09.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सुचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX3232 | गोपी विजय | 16,897.05 | 17.08.2024 |

दिनांकः 09.09.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# म्यूनिसपल स्कूल में दुकानें सजाने को लेकर आक्रोश, एसडीएम ने नोटिस थमाया

## स्कूली मैदान के इस्तेमाल को लेकर खिलाड़ी प्रदर्शन की तैयारी में

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




म्यूनिसपल स्कूल में स्थल झांकी की अनुमति लेने के बाद दुकानें सजा दी गई हैं। भगवान गणेश स्थापना की आड़ में बगैर अनुमति स्कूली मैदान का व्यवसायिक उपयोग का ये मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खबर है कि, सोमवार की सुबह शहर के खिलाड़ी स्थल झांकी और दुकानों के स्टॉल का विरोध करने जुटेंगे। दूसरी ओर, रविवार को ही एसडीएम कार्यालय ने संबंधित समिति को दुकानें लगाए जाने के विषय को लेकर नोटिस देकर तत्काल जवाब मांगा है।

एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि, स्कूली मैदान के उपयोग हेतु निगम ने एनओसी जारी की थी जिसकी बिनाह पर स्थल झांकी के लिए अनुमति दी गई थी। किंतु शिकायत प्राप्त हुई है कि अनुमति के विपरित वहां दुकानों के स्टॉल लगाए गए हैं। इस मामले को लेकर पंचमुखी युवा समिति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि, उक्त समिति दो अलग अलग मैदानों पर झांकी और मेला लगाए हुए हैं।

म्यूनिसपल स्कूल का मैदान पिछले कुछ वर्षों से लगातार विवादों में है। पूर्व कलेक्टर डोमन सिंह ने मैदान में घास लगाए जाने को लेकर डीएमएफ से 32 लाख रुपए खर्च किए गए। इस निर्णय का भी जमकर विरोध हुआ था। खिलाड़ियों और शहरवासियों ने तब मैदान का स्तर खराब किए जाने का आरोप लगाया था। इसके बाद बारिश के दौरान मैदान की दुर्दशा ने एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया था।

### विचार करे प्रशासन

शहर में मैदान बहुत कम हैं। एक दो-दिन के लिए किन्हीं प्रयोजनों हेतु उपयोग की अनुमति दी जा सकती है लेकिन इससे अधिक समय तक मैदान का इस्तेमाल उचित नहीं होगा। इस संबंध में प्रशासन को अनुमति देने से पहले गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**- किशुन यदु**, नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिक निगम

# गंडई इलाके में फॉर्म हाउस में नकली शराब की फैक्ट्री, पुलिस ने 7 को दबोचा

## अवैध कारखाने के मास्टर माईंड के तार दूसरे प्रदेशों से भी जुड़े

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केसीजी जिले में गंडई से सटे इलाके में पुलिस ने नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पर कार्रवाई की है। यहां से शराब बनाने की सामग्री और बॉटलिंग किए जाने का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जहां नकली शराब बन रही थी वह एक फॉर्म हाऊस है। पुलिस को इस मामले में आरोपियों से इस गोरखधंधे से जुड़े नेटवर्क की महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई है।

एसपी त्रिलोक बंसल ने बताया कि पुलिस को नर्मदा स्थित मिर्जा वारिस बेग के मकान में नकली शराब डंप होने की जानकारी मिली। पुलिस ने पहले घर में धावा बोला। इसके बाद पुलिस ने 2 युवक समीर खान और सुखुराम को बाइक में शराब ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने वारिस खान द्वारा शराब आसपास के इलाकों में खपाने की जानकारी दी।

वारिस खान से पूछताछ पर पुलिस को विचारपुर के रहने वाले नरसिंग वर्मा द्वारा शराब की सप्लाई करने की जानकारी मिली। आरोपियों की कड़ियां जोड़ते हुए सीधे विचारपुर के नरसिंग वर्मा को पकड़ा गया। नरसिंग वर्मा ही इस मामले का मास्टर माइंड निकला। पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़े गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मास्टर माइंड वर्मा के अलावा विनोद सोनी, सुखुराम जंघेल, मिर्जा वारिस बेग, आशीष मंडावी और रामेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस इस अवैध गोरखधंधे के तंत्र को ध्वस्त करने की दिशा में भी काम कर रही है।



### कुम्हारी डिस्टलरी का होलोग्राम मिला

बताया जा रहा है कि पुलिस ने रौंदा गांव के फार्म हाउस में धावा बोला, जहां बड़ी मात्रा में बॉटलिंग की मशीन, शराब की खाली बोतलें, स्प्रीट, कुम्हारी डिस्टलरी लिखी नकली होलोग्राम समेत 810 पौवा नकली शराब जब्त किया। पूछताछ में मास्टर माइंड नरसिंग वर्मा ने बताया कि महाराष्ट्र से वह स्प्रीट की खरीदारी करता था। जिसमें दूसरे केमिकल मिलाकर नकली शराब बना रहा था। मास्टर माइंड नरसिंग का एक बड़ा नेटवर्क भी सामने आया है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ युवकों को उसने अपने कारोबार में शामिल किया था।

# जय स्तंभ चौक से पसरा लगाने वालों को हटाया



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के महावीर चौक से जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में रोड में पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों को हटा दिया गया है। आवागमन में असुविधा के मद्देनज़र यह कार्रवाई की गई है। यातायात टीम द्वारा रोड के दोनो तरफ चूना लगाकर मार्किंग की गई है। व्यापारियों को अपना सामान सफेद पट्टी के अंदर लगाकर व्यवसाय करने कहा गया है।

# हायर सेकंडरी विद्यालय सिंघाभेड़ी में शिक्षक दिवस का गरिमामय आयोजन

पायनियर संवाददाता < अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाभेड़ी में शिक्षक दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य रुपेश तिवारी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तेलचित्र पर पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। गुरु गुरुओं की महिमा का बखान करते हुए कु आरती चंद्रवंशी,आभा राजपूत, कु,नेमा सेवंत कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने की कविता गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने संस्था के प्राचार्य रुपेश तिवारी सहित व्याख्याता गण अनुराग यादव,मनोज



देवांगन, लोकेश कुंजाम,वीरभद्र लाड़े,त्रिभुवन साहू, तेज सिंह, ललिता श्रीवास्तव, त्रिवेणी चंद्रवंशी, ममता वर्मा,सौरभ चंदेल, हितेश इश्दा, आशाराम साहू , कुशराम कुंजाम का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य रुपेश तिवारी ने समारोह को संबोधित करते हुए गुरु की महिमा एवं महत्व का बखान किया एवं विद्यार्थियों को हमेशा गुरुओं के बताए मार्ग पर चलते हुए जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सफल होने की बात कही। उन्होंने छात्रसंघ के सभी पदाधिकारी एवं सभी विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के शानदार आयोजन के लिए बधाई भी दी। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन छात्र प्रतिनिधि कु ललिता साहू के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन शाला नायक कु प्रज्ञा यादव के द्वारा किया गया।

# विस स्पीकर डॉ. रमन ने शहर का कायापलट किया : किशुन यदु

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टेट बैंक की मुख्य शाखा को दिग्विजय स्टेडियम में स्थानांतरित किए जाने के निर्णय को सराहनीय बताते हुए नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने पूर्व मुख्यमंत्री व विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, स्थानीय विधायक होने के नाते विगत 16 वर्षों में डॉ. रमन सिंह ने शहर का कायापलट किया है। उन्होंने सतत रुप से अपनी भागीदारी बनाए रखी और शहरवासियों की सुविधाओं और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर कार्य किया। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, कामठी लाईन में संकरे मार्ग में स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के संचालन से खाताधारकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब सभी वर्ग के लोगों को



बड़ी राहत जल्द मिलेगी। उन्होंने बताया कि, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी के दूरदर्शी विचार पर दी गए निर्देश का क्रियान्वयन जिला प्रशासन ने किया। उन्होंने स्टेट बैंक को दिग्विजय स्टेडियम में जगह उपलब्ध कराने का प्रस्ताव देते हुए यहां बैंक की शाखा का संचालन का प्रस्ताव दिया था। बैंक के अधिकारियों ने इस सुझाव पर अपने उच्च कार्यालय से सहमति मांगी थी। अंततः बैंक प्रबंधन ने 3 लाख 10 हजार रुपए मासिक किराए पर दिग्विजय स्टेडियम में शाखा के संचालन के लिए हामी भर दी। इस निर्णय से दिव्यांगों, सेवानिवृत अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक सहित सभी वर्गों को बड़ी राहत मिलेगी। कामठी लाईन में पहले माले में बैंकिग का कार्य होता था जहां पहुंचने के लिए लिफ्ट भी नहीं थी। उस पर बेहद तंग जगह में पार्किंग की समस्या भी बनी रहती थी। व्यस्तता के दिनों में कामठी लाईन में बार-बार जाम की स्थिति बन जाती थी। यदु ने कहा कि, बड़ा विषय है कि स्टेडियम समिति को इससे प्रति माह लाखों रुपए की आवक होगी जिससे स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधाओं को विस्तार मिलेगा। यहां एक बड़ी पार्किंग और अन्य सुविधाओं के साथ बैंक की शाखा बेहतर तौर पर संचालित हो सकेगी। इस राहत भरे फैसले को शहरवासी सराह रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह जी ने एक बार फिर नगर के विकास को नया आयाम दिया है।

# शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर कार्रवाई



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान शहर के चौक चैराहों, शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई की गई है। सार्वजनिक स्थान पर आरोपी मनीष तेजवानी, राहुल राय, गणेश साहू, आकाश देवांगन द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाने के मामले में पुलिसिया कार्रवाई की गई है। इनके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई।

# जेल में बंद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके के कल्लूबंजारी स्थित कियोस्क बैंक के एक संचालक ने दर्जनभर ग्रामीणों से लाखों रुपए लेकर डकार लिए हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की है। आरोपी पहले से ही इसी तरह के एक मामले में जेल में बंद है। विचाराधीन कैदी के तौर पर वह कारावास में है। छुरिया पुलिस ने 15 से ज्यादा ग्रामीणों की शिकायत के बाद धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कल्लूबंजारी के रहने वाले मुरारी झोड़े कई साल से ग्रामीण बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क का संचालन करता था। वह कई ग्रामीणों के रकम का आधा हिस्सा ही खाते में जमा करता था। शेष राशि को वह निजी तौर पर इस्तेमाल करने लगा। बैंक खाते की जांच करने के बाद कुछ ग्रामीणों को रकम जमा नहीं होने की जानकारी मिली। इस तरह कल्लूबंजारी क्षेत्र के 15 से ज्यादा के ग्रामीणों की रकम खाते में कम थी।

बताया जा रहा है कि कियोस्क संचालक ने 24 लाख रुपए ग्रामीणों का हड़प लिया है। करीब 2 माह पूर्व छुरिया पुलिस ने कियोस्क संचालक को इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में आरोपी जेल में विचाराधीन बंदी है।

इस संबंध में छुरिया थाना प्रभारी अविनाश श्रीवास ने बताया कि नए सिरे से मामला दर्ज किया गया है। रिमांड लेकर आरोपी से पूछताछ होगी। बताया जा रहा है कि आरोपी मूलतः महाराष्ट्र के कोरची क्षेत्र का रहने वाला है। कल्लूबंजारी में कियोस्क संचालक रहते आरोपी ने प्रदेश में सर्वाधिक कलेक्शन करने का भी रिकार्ड बनाया था। नीयत खराब होने के बाद आरोपी ने ग्रामीणों को ही चूना लगा दिया।

## भाजयुमो अध्यक्ष ने पूर्व सीएम व विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह का आभार जताया

# स्टेट बैंक की मुख्य शाखा का स्थानांतरण बड़ी समस्या का हल : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वर्षों से कामठी लाईन में संचालित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा को दिग्विजय स्टेडियम में स्थानांतरित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री व स्पीकर डॉ. रमन सिंह के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने इस संदर्भ में प्रयास किया था।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने इस दूरदर्शी प्रयास के सफल होने पर पूर्व सीएम व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, हमारे स्थानीय विधायक व विस स्पीकर ने शहर के विकास और अधोसंरचना सुदृढ़ किए जाने के साथ ही नागरिकों को व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने और खिलाड़ियों हेतु अवसर सृजित किए जाने की अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित की है।

मोनू बहादुर ने कहा कि, मुख्यमंत्री रहते डॉ. रमन सिंह ने विशाल दिग्विजय स्टेडियम का पुर्ननिर्माण करवाया था। आज उसी दूरदर्शी अधोसंरचना के बूते एक बड़ी सुविधा लोगों को मुहैया होगी। कामठी लाईन में स्टेट बैंक की मुख्य शाखा वर्षों से प्रथम तल पर संचालित है। यहां पार्किंग का स्थान न होने से बड़ी मुश्किलें थीं।



दिव्यांगों के लिए भी चुनौती थी।

इस समस्या को लेकर शहरवासियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने संज्ञान लेते हुए इस मुख्य शाखा को स्टेडियम में स्थानांतरित करने का विचार किया। जिससे न केवल ब्रांच में आने वालों के लिए पार्किंग की समस्या खत्म हो जाएगी बल्कि दिव्यांगों को भी दिक्कत नहीं आएगी। इसके अतिरिक्त ब्रांच द्वारा दिए जाने वाले 3 लाख 10 हजार रुपए प्रति माह के किराए से स्टेडियम का मेंटनेंस और दूसरे कार्य खिलाड़ियों के हित में हो सकेंगे। इससे खिलाड़ियों को भी बड़ा लाभ होगा। इस दूरदर्शी योजना हेतु उन्होंने जिला प्रशासन को बैंक प्रबंधन से चर्चा के लिए कहा था। चर्चा उपरांत स्टेट बैंक ने स्टेडियम में उपलब्ध करवाए जा रहे 5 हजार स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में शाखा संचालन के लिए सहमति दे दी है। जल्द ही बैंक स्टेडियम परिसर में संचालित होगा।

मोनू बहादुर ने कहा कि, यह व्यवसायिक क्षेत्र के लोगों सहित शासकीय सेवकों, पेंशन धारियों की सुगमता हेतु किया गया एक बड़ा सार्थक प्रयास है। स्टेडियम के विकास में भी इससे जो मदद मिलेगी वह उल्लेखनीय है। इस निर्णय से हर वर्ग प्रसन्न है। पूरा शहर विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह जी का आभारी है।

### अंगदान को बढ़ावा देने दंपति ने लिया देहदान का संकल्प

**राजनांदगांव।** शिक्षा जगत से जुड़े शहर के एक दंपती ने देहदान करने का निर्णय लिया है। मरणोपरांत उनकी बॉडी मेडिकल के विद्यार्थियों और जरूरमंदों के काम आएगी। उनका मानना है कि अंगदान को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत में अंगदान करने वालों की संख्या 0.1 प्रतिशत है। जबकि इसे लेकर लोगों में जागरूकता लाने 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। शहर में निवासरत व कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में पदस्थ क्रीडा अधिकारी डॉ. नीता एस नायर व उनके पति सुरेश नायर जो कि शहर के प्रतिष्ठित स्कूल गायत्री विद्यापीठ में प्रशासक का पद संभाल चुके हैं उन्होंने मरणोपरांत शरीर के सभी उपयोगी अंगो का दान करने का संकल्प लिया है। डॉ. नीता एस नायर ने बताया कि 7 जुलाई 2008 को उनके पिता स्व. एनआर पिल्ले (रिटायर्ड प्राचार्य, हायर सेकेंडरी स्कूल) ने भी अपना अपना देहदान किया था। उन्होंने मेडिकल कालेज (मेकाहारा) रायपुर में अपना देहदान किए थे।

### पहलवानों का पार्षद शरद सिन्हा ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पार्षद व भाजपा नेता शरद सिन्हा ने संस्कारधानी राजनंदगांव में मेडल जीतकर लौटेने के खुशी में पहलवान नाहिद अख्तर, गुलरेज गुल खान व जय पटेल का पुष्प गुच्छ भेंटकर और हार माला पहनकर स्वागत किया। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दी है। सिन्हा ने बताया कि राजनांदगांव जिले से 3 लोगों ने पॉवर लिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग में हिस्सा लिया। जिसमे अपने बॉडी वेट कैटेगरी के अनुसार 83 केजी पॉवर लिफ्टिंग एवं 81 केजी वेट लिफ्टिंग में 2 गोल्ड मेडल भारत जिम के संचालक नाहिद अख्तर ने जीता। वहीं 105 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग में फन फिट फिटनेस जिम के मेंबर गुलरेज गुल खान ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा 93 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग फन फिट फिटनेस जिम के संचालक जय पटेल ने गोल्ड मेडल जीता है। इन खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया और संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम रोशन किया है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403